II आर्थिक समीक्षा

वर्ष 2025-26 में, निरंतर वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद, स्थिर घरेलू मांग और मज़बूत सेवा क्षेत्र के बल पर भारतीय अर्थव्यवस्था मज़बूत बनी रही। हेडलाइन मुद्रास्फीति में नरमी आई, जिसका मुख्य कारण खाद्य पदार्थों की कीमतों में गिरावट और अनुकूल आधार प्रभाव रहा। जमाराशि और ऋण दोनों में दोहरे अंकों की वृद्धि देखने को मिली। केंद्र सरकार ने पूंजीगत व्यय पर ज़ोर देते हुए, अपने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण के प्रयासों को जारी रखा। वैश्विक व्यापार में बनी अनिश्चितताओं के बावजूद, बाहरी क्षेत्र आघात -सहनीय बना रहा। चालू खाता घाटा अपने टिकाऊ स्तर के दायरे में ही रहा और विदेशी मुद्रा भंडार भी पर्याप्त स्तर पर बना रहा, जिससे समष्टि आर्थिक और वित्तीय स्थिरता को बल मिला।

II.1.1 2025 में, व्यापार और भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं के बावजूद, वैश्विक आर्थिक विकास दर 3.4[1] प्रतिशत पर बनी रही; इसमें प्रौद्योगिकी में निवेश, राजकोषीय और मौद्रिक सहायता, तथा अनुकूल वित्तीय स्थितियों का योगदान रहा। वैश्विक मुद्रास्फीति एक साल पहले के 5.8 प्रतिशत से घटकर 4.1[2] प्रतिशत पर आ गई, हालाँकि सेवाओं की लागत अभी भी ऊँची बनी हुई है। जहाँ एक ओर, अग्रिम-भारण और प्रौद्योगिकी निर्यात के चलते व्यापार में 3.6 प्रतिशत से बढ़कर 5.1[3] प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई, वहीं दूसरी ओर, राजकोषीय परिदृश्य कमज़ोर पड़ा। भू-राजनीतिक जोखिमों और मूल्यांकन संबंधी चिंताओं के कारण बाज़ार में अस्थिरता बनी रही, लेकिन मार्च 2026 के अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ने के बाद इसमें और तेज़ी आई। 2025 में लगातार कमज़ोरी के बाद, 2026 में भू-राजनीतिक जोखिमों के बढ़ने के साथ ही अमेरिकी डॉलर में मज़बूती आने लगी। इसके अलावा, राष्ट्रिक बॉन्ड प्रतिफल, जो 2025 में काफी हद तक कम रहे थे, उनमें चालू वर्ष के दौरान ऊपरी दबाव देखा गया; इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया के संघर्ष के कारण उत्पन्न ऊर्जा-जनित मुद्रास्फीति संबंधी चिंताएँ थीं।

II.1.2 वैश्विक अनिश्चितताओं में वृद्धि के बावजूद, मांग पक्ष पर स्थिर निजी उपभोग और मजबूत निवेश तथा आपूर्ति पक्ष पर सेवाओं में तेजी और औद्योगिक गतिविधियों में सुधार के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत बनी रही। मजबूत कृषि उत्पादन और वैश्विक पण्य कीमतों में नरमी के कारण खाद्य कीमतों में तीव्र गिरावट से हेडलाइन मुद्रास्फीति 2025-26 के दौरान और कम हुई। तथापि, कीमती धातुओं के कारण मूल मुद्रास्फीति पर दबाव बना रहा। भारतीय वित्तीय बाजारों ने आघात -सहनीयता दिखाया, जहां मुद्रा बाजार दरें नीतिगत रेपो दर और मौजूदा चलनिधि स्थितियों के अनुरूप विकसित हुईं। 2025-26 में शेयर बाजारों में द्विदिशात्मक उतार-चढ़ाव देखा गया, क्योंकि सहायक मौद्रिक और राजकोषीय नीति उपायों ने बाजार भावना में सुधार किया, जबकि भू-राजनीतिक और टैरिफ अनिश्चितताओं तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता से संबंधित चिंताओं से उत्पन्न नकारात्मक वैश्विक संकेतों ने जोखिम लेने की प्रवृत्ति पर अंकुश डाला। 2025-26 के दौरान, केंद्र सरकार ने अपने राजकोषीय सुदृढ़ीकरण और पूंजीगत व्यय पर जोर देना जारी रखा, जबकि उसका कुल व्यय बजटीय लक्ष्य के भीतर ही रहा। राज्यों ने भी राजस्व व्यय को नियंत्रित करते हुए पूंजीगत व्यय को प्राथमिकता दी, जिससे व्यय की गुणवत्ता में सुधार हुआ। वर्ष के दौरान पूंजी प्रवाह में कमी के बावजूद, मामूली चालू खाता घाटे और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार ने बाह्य क्षेत्र को मजबूती प्रदान की।

[1,2,3] विश्व आर्थिक परिदृश्य (डब्ल्यूईओ), अप्रैल 2026, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ)।

II.1.3 इस पृष्ठभूमि में, इस अध्याय के शेष भाग को छह खंडों में विभाजित किया गया है। खंड 2 में वास्तविक अर्थव्यवस्था का विश्लेषण प्रस्तुत किया गया है, जिसके बाद खंड 3 में मुद्रास्फीति और उसके कारकों का विश्लेषण किया गया है। मौद्रिक समुच्चयों और वित्तीय बाजारों में हुए घटनाक्रमों को क्रमशः खंड 4 और 5 में प्रस्तुत किया गया है। खंड 6 में सरकारी वित्त (केंद्र और राज्यों) के विकास पर चर्चा की गई है, और खंड 7 में बाह्य क्षेत्र की गतिशीलता को शामिल किया गया है।

II.2 वास्तविक अर्थव्यवस्था

II.2.1 2025-26 में बढ़े हुए बाह्य आघातों, विशेष रूप से अप्रैल 2025 में अमेरिका द्वारा उच्च टैरिफ लगाने के बावजूद, भारतीय अर्थव्यवस्था एक मजबूत और स्थिर संवृद्धि पथ पर बनी रही। मजबूत समष्टि-आर्थिक मूल-तत्वों (मैक्रोइकॉनोमिक फंडामेंटल्स) और सक्रिय नीतिगत उपायों द्वारा समर्थित, भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली वृहत अर्थव्यवस्था बनी रही। मांग पक्ष में उपभोग और निवेश में स्थिर वृद्धि, एवं सेवा क्षेत्र में उछाल तथा आपूर्ति पक्ष में औद्योगिक गतिविधि में सुधार से आर्थिक गतिविधि को बल मिला।

समग्र मांग

II.2.2 समग्र मांग - स्थिर कीमतों पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) द्वारा मापी जाती है – वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.6 प्रतिशत हो गई, जो एक वर्ष पहले 7.1 प्रतिशत थी (सारणी II.2.1 और परिशिष्ट सारणी 1)[4]। जीडीपी में वृद्धि का मुख्य आधार निम्न घरेलू चालक थे - निजी अंतिम उपभोग व्यय और निश्चित निवेश (चार्ट II.2.1 और परिशिष्ट सारणी 2)।

II.2.3 अमेरिका द्वारा अपने व्यापारिक भागीदारों पर भारी प्रशुल्क (टैरिफ) लगाने से प्रारंभ में बाह्य क्षेत्र और समग्र जीडीपी वृद्धि पर संभावित अवरोध के बारे में चिंताएं बढ़ गई थीं। हालांकि, प्रतिकूल प्रभाव-विस्तार (स्पिलओवर) सीमित

सारणी II.2.1. वास्तविक जीडीपी संवृद्धि

(प्रतिशत)

घटक	2023-24	2024-25	2025-26
1	2	3	4
I. कुल उपभोग व्यय	**4.9**	**5.9**	**7.5**
निजी	5.8	5.8	7.7
सरकारी	0.6	6.5	6.6
II. सकल पूंजी निर्माण	**8.7**	**6.1**	**6.5**
सकल निर्धारित पूंजी निर्माण	7.3	6.4	7.1
शेयरों में बदलाव	116.9	1.7	10.4
मूल्यवान आस्तियाँ	-9.3	1.9	-15.8
III. निवल निर्यात			
निर्यात	0.7	6.6	6.5
आयात	-1.0	5.3	6.4
IV. जीडीपी	**7.2**	**7.1**	**7.6**

टिप्पणी: आँकड़े 2022-23 आधार श्रृंखला पर आधारित हैं।
स्रोत: एनएसओ।

ही रहे, और 2025-26 में निवल निर्यात में केवल 0.1 प्रतिशत अंक का मामूली अवरोध हुआ।

उपभोग

II.2.4 वर्ष 2025-26 के दौरान, निजी अंतिम उपभोग व्यय - जो समग्र मांग का मुख्य आधार है - में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि

चार्ट II.2.1: जीडीपी संवृद्धि में भारित योगदान

(प्रतिशत अंक)



टिप्पणी: अन्य में स्टॉक, मूल्यवान आस्तियाँ और सांख्यिकीय विसंगतियों में परिवर्तन शामिल हैं।
स्रोत: एनएसओ।

[4] इस रिपोर्ट के अध्याय 1 के फुटनोट 3 का संदर्भ लीजिए।

हुई, जो एक वर्ष पहले के 5.8 प्रतिशत के स्तर से मजबूत हुआ। इस वृद्धि की गति को ग्रामीण उपभोग में स्थिरता और शहरी मांग में सुधार से बल मिला, जिसका श्रेय आंशिक रूप से आयकर में कटौती और वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के युक्तिकरण को दिया जा सकता है।[5] सरकार का अंतिम उपभोग व्यय 6.6 प्रतिशत पर स्थिर बना रहा।

निवेश और बचत

II.2.5 सकल घरेलू निवेश दर, जिसे मौजूदा कीमतों पर जीडीपी की तुलना में सकल पूंजी निर्माण (जीसीएफ) के अनुपात से मापा जाता है, 2024-25 में मोटे तौर पर 34.3 प्रतिशत पर स्थिर बनी रही।[6] सकल निर्धारित पूंजी निर्माण – जो जीसीएफ का एक मुख्य घटक है - 2025-26 में 7.1 प्रतिशत की मजबूत गति से बढ़ा (एक वर्ष पहले 6.4 प्रतिशत), जैसा कि इसके प्रमुख संयोग संकेतकों के निरंतर निष्पादन में परिलक्षित होता है (चार्ट II.2.2)। सरकार के नेतृत्व में पूंजीगत व्यय ने एक प्रति-चक्रीय भूमिका निभाना जारी रखा, जिससे

चार्ट II.2.2: निश्चित निवेश मांग के संकेतक

(वृद्धि, प्रतिशत, वर्ष-दर-वर्ष)



स्रोत: संयुक्त संयंत्र समिति, आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, एनएसओ, एवं वाणिज्यिक सूचना और सांख्यिकी महानिदेशालय (डीजीसीआईएंडएस)।

निजी निवेश को आकर्षित करने में मदद मिली। अगस्त 2025 में भारत की सॉवरेन क्रेडिट रेटिंग में सुधार ने निवेशकों के विश्वास को और मजबूत किया। वर्ष के दौरान कॉरपोरेट आय में भी सुधार हुआ।[7] जहाँ वर्ष 2025-26 की शुरुआत में कॉरपोरेट बिक्री वृद्धि कम हो गई थी, वहीं मजबूत मांग के बीच तीसरी तिमाही तक इसमें गति आयी।

II.2.6 सकल घरेलू बचत वर्ष 2023-24 में सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय (जीएनडीआई) के 32.3 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में 34.2 प्रतिशत हो गई। निवल घरेलू वित्तीय बचत 2024-25 में बढ़कर जीएनडीआई का 7.0 प्रतिशत हो गई, जो एक वर्ष पहले 5.8 प्रतिशत थी; क्योंकि घरेलू वित्तीय देयताओं में आई गिरावट का प्रभाव, सकल वित्तीय बचत में आई कमी से कहीं अधिक रहा (परिशिष्ट सारणी 3)। सकल घरेलू वित्तीय बचत 2023-24 के 12.1 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में जीएनडीआई का 11.8 प्रतिशत हो गई, जबकि घरेलू वित्तीय देयताएँ पिछले वर्ष के 6.4 प्रतिशत से घटकर 2024-25 में जीएनडीआई के 4.8 प्रतिशत पर आ गईं। लिखत-वार देखें तो, घरेलू वित्तीय बचत में जमाराशियों का प्रभुत्व है, इसके बाद भविष्य निधि और पेंशन निधियों, बीमा का स्थान है, साथ ही शेयरों और डिबेंचरों में निवेश में धीरे-धीरे वृद्धि हो रही है (सारणी II.2.2)।

II.2.7 वर्ष 2024-25 के दौरान बचत-निवेश अंतर कम हुआ, जिसमें घरेलू क्षेत्र, निधियों का प्रमुख निवल आपूर्तिकर्ता बना रहा; इसकी अधिशेष निधियाँ 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद के 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 2024-25 में जीडीपी का 7.8 प्रतिशत हो गईं (चार्ट II.2.3)। अधिक बचत और कम निवेश के चलते निजी निगमों का संसाधन अंतर कम हो गया, जबकि राजकोषीय सुदृढ़ीकरण ने सामान्य सरकार की बचत में कमी को पिछले वर्ष की जीडीपी के 5.3 प्रतिशत से घटाकर जीडीपी का 4.6 प्रतिशत कर दिया। संपूर्ण अर्थव्यवस्था के

[5] ट्रैक्टर और यात्री वाहनों की बिक्री में वृद्धि, ग्रामीण और शहरी बेरोजगारी दर में गिरावट, उच्च खरीफ उत्पादन और स्थिर वैयक्तिक ऋण वृद्धि जैसे कई उच्च आवृत्ति संकेतकों ने पूरे वर्ष मांग को बनाए रखने में मदद की।

[6] यहां रिपोर्ट की गई सकल घरेलू निवेश दर, पण्य प्रवाह (आस्ति-आधारित) दृष्टिकोण पर आधारित है।

[7] 2025-26 की पहली तिमाही से तीसरी तिमाही के दौरान, निजी गैर-वित्तीय क्षेत्र का औसत परिचालन लाभ पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान के 5.7 प्रतिशत से निरंतर बढ़कर 9.4 प्रतिशत हो गया।

सारणी II.2.2: घरेलू क्षेत्र की वित्तीय बचत

(जीएनडीआई का प्रतिशत)

मद	2015-16	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
ए. सकल वित्तीय बचत	**10.7**	**10.4**	**11.9**	**11.8**	**11.4**	**15.2**	**10.9**	**11.2**	**12.1**	**11.8**
जिनमें से:										
1. मुद्रा	1.4	-2.1	2.8	1.4	1.4	1.9	1.1	-	-	-
2. जमाराशियाँ	4.6	6.3	3.0	4.2	4.3	6.2	3.5	-	-	-
3. शेयर और डिबेंचर	0.2	1.1	1.0	0.9	0.5	0.5	0.9	-	-	-
4. सरकार पर दावे	0.5	0.7	0.9	1.1	1.3	1.3	1.1	-	-	-
5. बीमा निधियाँ	1.9	2.3	2.0	2.0	1.7	2.8	2.0	-	-	-
6. भविष्य निधि एवं पेंशन निधियाँ	2.1	2.1	2.1	2.1	2.2	2.5	2.3	-	-	-
बी. वित्तीय देयताएं	**2.7**	**3.0**	**4.3**	**4.0**	**3.8**	**3.7**	**3.8**	**6.0**	**6.4**	**4.8**
सी. निवल वित्तीय बचत (ए-बी)	**7.9**	**7.3**	**7.5**	**7.8**	**7.6**	**11.6**	**7.2**	**5.2**	**5.8**	**7.0**

जीएनडीआई : सकल राष्ट्रीय प्रयोज्य आय। -: उपलब्ध नहीं है।

टिप्पणियाँ: 1. संभव है कि संख्याओं के पूर्णांकन (राउंडिंग ऑफ) के कारण आँकड़ों का जोड़ कुल के बराबर न हो।

2. 2022-23 के बाद के डेटा संशोधित आधार वर्ष 2022-23 के अनुसार हैं।

स्रोत: एनएसओ एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

स्तर पर बचत-निवेश के अंतर का कम होना, बाह्य पूंजी पर निर्भरता में कमी और बाहरी आघातों के प्रति संवेदनशीलता का संकेत देता है।

चार्ट II.2.3: बचत-निवेश अंतर को कम करना

(जीडीपी का प्रतिशत)



टिप्पणी: निवेश दर निधियों के प्रवाह (वित्तपोषण-आधारित) दृष्टिकोण पर आधारित है।

स्रोत: एनएसओ एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

समग्र आपूर्ति

II.2.8 समग्र आपूर्ति – जो मूल कीमतों पर वास्तविक योजित सकल मूल्य (जीवीए) द्वारा मापी जाती है – में 2025-26 में 7.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई (एक वर्ष पहले यह 7.3 प्रतिशत थी)। जीवीए वृद्धि का मुख्य कारण सेवा क्षेत्र में आई तेजी और औद्योगिक गतिविधि में उल्लेखनीय सुधार था, भले ही कृषि क्षेत्र में कुछ नरमी देखी गई (सारणी II.2.3)।

कृषि एवं संबद्ध गतिविधियां

II.2.9 2025-26 में कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों की वृद्धि की गति धीमी रही, जो खरीफ फसलों में मौसम संबंधी व्यवधानों को दर्शाता है, हालांकि अनुकूल रबी परिस्थितियों ने कुछ राहत प्रदान की। सामान्य से अधिक[8] दक्षिण-पश्चिम मानसून (चार्ट II.2.4.ए) ने जलाशय के स्तर की सर्वकालिक उच्च स्तर पर पुनःपूर्ति करने में सहायता की (चार्ट II.2.4.बी)[9,10]। उच्च जलाशय स्तर[11] और मानसून के बाद सामान्य से अधिक

[8] भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार, सामान्य वर्षा सीमा, दीर्घ अवधि औसत (एलपीए) का 96-104 प्रतिशत है।

[9] मानसून ने 24 मई 2025 को केरल में दस्तक दी, जो अपने सामान्य आगमन की तारीख (1 जून) से आठ दिन पहले आ गया, यह 2009 के बाद से शीघ्रतम आगमन को चिह्नित करता है।

[10] जलाशय का जलस्तर 9 अक्टूबर 2025 को उसकी पूर्ण क्षमता के 91.4 प्रतिशत तक पहुंच गया।

[11] जलाशय का जलस्तर 27 मार्च 2026 तक पूर्ण क्षमता का 47 प्रतिशत था, जो पिछले वर्ष की तुलना में 10.5 प्रतिशत और दस वर्षीय औसत से 21.0 प्रतिशत अधिक था।

सारणी II.2.3: वास्तविक जीवीए संवृद्धि

(प्रतिशत)

क्षेत्र		2023-24	2024-25	2025-26
1		2	3	4
I.	**कृषि, पशुधन, वानिकी एवं मत्स्य पालन**	**2.6**	**4.2**	**2.4**
II.	**उद्योग**	**11.3**	**8.7**	**9.5**
	II.1 खनन और उत्खनन	2.4	11.7	4.1
	II.2 विनिर्माण	12.7	9.3	11.5
	II.3 बिजली, गैस, जलापूर्ति और अन्य उपादेयता सेवाएँ	10.7	2.9	1.5
III.	**सेवाएँ**	**7.4**	**7.8**	**8.7**
	III.1 निर्माण	9.9	7.3	7.1
	III.2 व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण से संबंधित सेवाएँ, भंडारण	10.1	6.6	10.1
	III.3 वित्तीय, स्थावर संपदा, आईटी, पेशेवर सेवाएँ एवं आवासों का स्वामित्व	5.5	10.0	9.9
	III.4 लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाएँ	6.8	5.0	5.8
IV.	**आधार कीमतों पर जीवीए**	**7.2**	**7.3**	**7.7**

टिप्पणी: आँकड़े 2022-23 आधार श्रृंखला पर आधारित हैं।

स्रोत: एनएसओ एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

वर्षा[12] होने के कारण, इस वर्ष रबी की बुवाई पिछले वर्ष की तुलना में अधिक क्षेत्र में हुई[13]। साथ ही, ग्रीष्म (जायद) मौसम के लिए बुवाई भली-भांति जारी है।

II.2.10 द्वितीय अग्रिम अनुमान (एसएई) के अनुसार, 2025-26 में कुल खाद्यान्न (खरीफ और रबी) उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर रहने का अनुमान है। इस वर्ष खरीफ चावल, गेहूँ, मक्का, खरीफ मूंगफली, रेपसीड और सरसों तथा गन्ने का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर रहा (सारणी II.2.4)।

II.2.11 प्रथम अग्रिम अनुमानों के अनुसार, 2025-26 के दौरान बागवानी फसलों का उत्पादन रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ गया, जो मुख्य रूप से केला, टमाटर और बागान फसलों द्वारा संचालित रहा[14]।

II.2.12 सरकार ने प्रमुख खरीफ और रबी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्यों [15] में वृद्धि की घोषणा की, जिससे उत्पादन लागत पर न्यूनतम 50 प्रतिशत का रिटर्न सुनिश्चित हुआ[16]। रबी विपणन मौसम 2025-26 में गेहूँ की खरीद चार

चार्ट II.2.4: वर्षा एवं जलाशय स्तर



एलपीए: दीर्घ अवधि औसत।

स्रोत: भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) एवं केंद्रीय जल आयोग (सीडबल्यूसी), भारत सरकार।

[12] 2025 में मॉनसून के बाद की वर्षा (1 अक्टूबर - 31 दिसंबर) अपने एलपीए से 11 प्रतिशत अधिक थी।

[13] रबी फसलों के तहत बोया गया अंतिम क्षेत्र (30 जनवरी 2026 तक) पिछले वर्ष की तुलना में 2.4 प्रतिशत अधिक था। सभी प्रमुख फसलों का एकड़ में क्षेत्रफल पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रहा है।

[14] 2025-26 के दौरान बागवानी फसलों का उत्पादन 3,708 लाख टन रहने का अनुमान है जो 2024-25 के अंतिम अनुमानों की तुलना में थोड़ा अधिक (0.03 प्रतिशत) है।

[15] यह वृद्धि खरीफ विपणन मौसम 2025-26 के लिए 1.0-13.9 प्रतिशत और रबी विपणन मौसम 2026-27 के लिए 4.0-10.1 प्रतिशत की सीमा में है।

[16] वास्तविक भुगतान की गई लागत एवं पारिवारिक श्रम का मूल्य (ए2+एफएल)।

सारणी II.2.4: कृषि फसल उत्पादन 2025-26*

(लाख टन)

फसलें	2024-25 अंतिम अनुमान	2025-26 द्वितीय अग्रिम अनुमान (एसएई)	2024-25 के अंतिम अनुमानों की तुलना में 2025-26 एसएई घट-बढ़ (प्रतिशत)
1	2	3	4
1. खाद्यान्न	3,386.3	3,486.6	3.0
चावल	1,389.0	1,406.5	1.3
गेहूँ	1,179.5	1,202.1	1.9
मोटे अनाज	588.2	639.3	8.7
दालें	229.7	238.7	3.9
तूर	36.2	34.6	-4.7
चना	111.1	117.9	6.1
मसूर	16.5	17.3	4.8
उड़द	18.9	17.1	-9.5
मूँग	18.7	20.7	10.4
2. तिलहन	416.6	410.0	-1.6
3. गन्ना (केन)	4,546.1	5,002.0	10.0
4. कपास #	297.2	290.9	-2.1
5. जूट और मेस्ता ##	88.0	83.4	-5.2

*: *खरीफ* और *रबी फसलें* (ग्रीष्म ऋतु की फसलें छोड़कर)।
#: प्रत्येक 170 किलोग्राम की लाख गठरियाँ (बेल)।
##: प्रत्येक 180 किलोग्राम की लाख गठरियाँ (बेल)।
स्रोत: कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार।

वर्षों के उच्चतम स्तर पर रही है और खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में चावल की खरीद भी मजबूत रही है।

II.2.13 मार्च 2026 के अंत तक, भारतीय खाद्य निगम द्वारा धारित खाद्यान्न का कुल सार्वजनिक भंडार, बफर आवश्यकता के चार गुना से भी अधिक रहा; इसका मुख्य कारण चावल का उच्च भंडार है (चार्ट II.2.5)[17]। सरकार ने इस अतिरिक्त भंडार में से 52 लाख टन चावल इथेनॉल मिश्रण (ब्लेंडिंग) के लिए आबंटित किया है। इसी तरह, गेहूँ और गेहूँ से तैयार उत्पादों के निर्यात पर लगे प्रतिबंधों में आंशिक रूप से ढील दी गई है[18]। आगे चलकर, आगामी खरीफ मौसम के दौरान *अल नीनो*[19] की संभावना पर बारीकी से नजर रखने की आवश्यकता है।

औद्योगिक क्षेत्र

II.2.14 औद्योगिक क्षेत्र की जीवीए वृद्धि 2025-26 में बढ़कर 9.5 प्रतिशत हो गई। विनिर्माण गतिविधि, जो औद्योगिक क्षेत्र का 80 प्रतिशत हिस्सा है, ने 2025-26 में तेजी हासिल की, जैसा कि 2025-26 की पहली छमाही में बिक्री

चार्ट II.2.5: स्टॉक और बफर नॉर्म की पर्याप्त मासिक स्थिति



स्रोत: भारतीय खाद्य निगम, उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय, भारत सरकार।

[17] कुल स्टॉक 939 लाख टन रहा, जिसमें चावल का स्टॉक 721.2 लाख टन (बफर मानदंडों का 5.3 गुना) और गेहूँ का स्टॉक 217.9 लाख टन (बफर आवश्यकता का 2.9 गुना) था।

[18] 'सरकार गेहूँ के निर्यात को मंजूरी देती है और अतिरिक्त गेहूँ उत्पाद और चीनी निर्यात की अनुमति देती है', पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), 13 फरवरी 2026।

[19] नेशनल ओशनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के अनुसार, मई-जुलाई 2026 में, अल नीनो के उभरने की संभावना है (82 प्रतिशत संभावना) और यह कम-से-कम 2026 के अंत तक बना रहेगा।

चार्ट II.2.6: संगठित विनिर्माण फर्म

(वृद्धि, प्रतिशत, वर्ष-दर-वर्ष)



टिप्पणी: कुल नमूना आकार में 1,799 कंपनियां शामिल हैं।
स्रोत: सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआई) इंडस्ट्री आउटलुक।

में हुई अधिक वृद्धि और लाभप्रदता से परिलक्षित होता है (चार्ट II.2.6)।

II.2.15 औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) द्वारा मापे गए औद्योगिक उत्पादन में, 2025-26 की पहली छमाही के दौरान खनन और विद्युत क्षेत्रों के कारण कुछ नरमी देखी गई (चार्ट II.2.7ए)। 2025-26 की दूसरी छमाही में, खनन गतिविधि में तेजी तथा विनिर्माण क्षेत्र के और मजबूत होने से आईआईपी में सुधार हुआ। कुल मिलाकर, विनिर्माण क्षेत्र ने 2025-26 में विस्तार दर्ज करने वाले 23 उद्योग समूहों में से 16 में मजबूत वृद्धि दर्ज की। उपयोग-आधारित वर्गीकरण के अनुसार, उद्योगों की सभी श्रेणियों में वृद्धि दर्ज की गई (चार्ट II.2.7बी)।

II.2.16 नवीकरणीय ऊर्जा (वृहत जल विद्युत सहित), जो विद्युत उत्पादन का लगभग एक चौथाई हिस्सा है, वह 2025-26 में 18.4 प्रतिशत वर्ष-दर-वर्ष बढ़ी (चार्ट II.2.8)। मार्च 2026 के अंत तक, भारत की गैर-जीवाश्म ऊर्जा क्षमता 283 गीगावाट (कुल संस्थापित विद्युत क्षमता का 53.2 प्रतिशत) तक पहुंच गई - जिससे भारत वर्ष 2030 से पहले 50 प्रतिशत गैर-जीवाश्म क्षमता के अपने सीओपी26 लक्ष्य को पूरा करने में सक्षम हो गया है[20]। निवेश का रुख नवीकरणीय ऊर्जा की ओर मुड़ गया है, अधिकांश नवीन परियोजना व्यय अब पारंपरिक क्षमता के बजाय इस क्षेत्र में केंद्रित हैं।

II.2.17 2025-26 की पहली छमाही के दौरान शिथिल रहने के बाद, क्षमता उपयोग और निजी पूंजीगत व्यय, दोनों में पुनरुद्धार के शुरुआती संकेत दिखे, जो वर्ष की दूसरी छमाही में कारोबारी विश्वास और मांग की उत्साहजनक स्थितियों

चार्ट II.2.7: औद्योगिक उत्पादन सूचकांक

ए. क्षेत्रवार संवृद्धि

(प्रतिशत, वर्ष-दर-वर्ष)



बी. उपयोग आधारित वर्गीकरण - संवृद्धि

(प्रतिशत, वर्ष-दर-वर्ष)



टिप्पणी: मार्च 2026 के लिए आँकड़े त्वरित अनुमान हैं।
स्रोत: एमओएसपीआई, भारत सरकार।

[20] गैर-जीवाश्म ऊर्जा में नवीकरणीय ऊर्जा (वृहत जल विद्युत सहित) और परमाणु ऊर्जा शामिल हैं।

चार्ट II.2.8: नवीकरणीय ऊर्जा उत्पादन

(हजार गीगावाट-प्रति घंटा, बायाँ मान; प्रतिशत, दायां मान)



GWh: गीगावाट प्रति घंटा।

स्रोत: केंद्रीय बिजली प्राधिकरण।

चार्ट II.2.9: विनिर्माण क्षमता उपयोग

(प्रतिशत)



स्रोत: क्रयादेश पुस्तक, स्टॉक और क्षमता उपयोग सर्वेक्षण (ओबीआईसीयूएस), आरबीआई।

में सुधार का संकेत देते हैं। 2025-26 की तीसरी तिमाही में विनिर्माण क्षमता उपयोग बढ़कर 75.6 प्रतिशत हो गया, ऐसा विस्तार लगातार दूसरी तिमाही हुआ, जो नए ऑर्डर में अनुक्रमिक वृद्धि और स्थिर इन्वेंट्री स्तरों द्वारा समर्थित रहा (चार्ट II.2.9)।

II.2.18 2025-26 में निजी क्षेत्र की निवल अचल आस्ति वृद्धि में सुधार हुआ, और 2025-26 की पहली छमाही में यह बढ़कर 11.5 प्रतिशत हो गई; इस वृद्धि में दूरसंचार, धातु, निर्माण और ऑटोमोबाइल क्षेत्रों का मुख्य योगदान रहा। उत्पादन संबद्ध प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना ने निजी क्षेत्र के निवेश को बढ़ावा दिया, इस योजना ने ₹2.2 लाख करोड़ से अधिक के वास्तविक निवेश को आकर्षित किया, जिससे दिसंबर 2025 के अंत तक ₹20.4 लाख करोड़ से अधिक का वृद्धिशील उत्पादन/बिक्री हुई और 14.4 लाख से अधिक रोजगार के अवसर सृजित हुए[21]।

सेवा क्षेत्र

II.2.19 सेवा क्षेत्र की वृद्धि 2025-26 में बढ़कर 8.7 प्रतिशत हो गई, जिसका मुख्य कारण व्यापार, परिवहन एवं होटल और रेस्तरां; तथा वित्तीय, स्थावर संपदा और पेशेवर सेवाओं में व्यापक आधार पर विस्तार था। सेवा क्षेत्र के उच्च आवृत्ति संकेतकों ने 2025-26 में मिश्रित तस्वीर दर्शाई। 2025-26 की दूसरी छमाही में, जीएसटी 2.0 सुधारों के बाद, वाणिज्यिक वाहन बिक्री और वाहन पंजीकरण में वृद्धि हुई। 2024-25 की दूसरी छमाही की तुलना में खुदरा ऑटोमोबाइल बिक्री (यात्री वाहन, ट्रैक्टर, दोपहिया और तिपहिया वाहन), घरेलू हवाई कार्गो, पोर्ट कार्गो, रेलवे माल यातायात, विदेशी पर्यटकों का आगमन और जीएसटी ई-वे बिल-अंतर्राज्यीय जैसे अन्य संकेतक भी बेहतर हुए। जहाँ एक ओर हवाई यात्री यातायात और टोल संग्रहण (मूल्य) में कमी आई, वहीं इसी अवधि के दौरान होटल अधिभोग संकेतक में संकुचन देखने को मिला (सारणी II.2.5)।

II.2.20 भारत के निर्माण क्षेत्र में 2025-26 में मिश्रित रुझान देखने को मिले; 2024-25 की तुलना में इस्पात (स्टील) की खपत में कमी आई, जबकि सीमेंट उत्पादन में सुधार हुआ (सारणी II.2.5)। 2025-26 की तीसरी तिमाही के दौरान, जीएसटी के कारण लागत में हुई कमी के चलते आवास

[21] 'पीएलआई योजना ₹1.9 लाख करोड़ के परिव्यय के साथ 14 रणनीतिक क्षेत्रों में उद्योग की मजबूत भागीदारी को बढ़ावा देती है', पीआईबी, 20 फरवरी 2026।

सारणी II.2.5: उच्च आवृत्ति संकेतक: संवृद्धि दर

(प्रतिशत, वर्ष-दर-वर्ष)

संकेतक	2024-25				2025-26			
	ति1	ति2	ति3	ति4	ति1	ति2	ति3	ति4
1	2	3	4	5	6	7	8	9
घरेलू हवाई यात्री यातायात	5.6	7.3	11.4	12.0	5.3	-1.9	1.7	0.6
परिवहन								
वाणिज्यिक वाहन बिक्री	3.7	-10.6	1.3	1.8	-0.6	8.4	21.8	19.0
वाहन कुल पंजीकरण	10.1	3.1	11.7	0.7	5.2	2.0	19.9	23.4
टोल संग्रहण-मात्रा	5.6	7.6	9.8	15.1	16.2	10.7	2.6	-4.9
टोल संग्रहण-मूल्य	9.5	10.3	12.7	17.2	19.7	17.5	12.2	6.7
अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात	14.2	10.3	10.0	8.6	7.0	6.8	7.6	-2.5
घरेलू हवाई कार्गो	7.1	7.7	4.6	3.5	6.6	4.9	6.8	12.5
अंतरराष्ट्रीय हवाई कार्गो	18.4	21.8	15.0	1.5	4.7	3.6	7.3	5.7
रेलवे माल यातायात: फ्रेट उत्पत्ति*	5.1	-0.4	1.5	0.1	2.4	4.0	3.2	2.9
पोर्ट कार्गो	3.9	6.2	-1.6	7.9	5.6	5.9	13.0	4.3
घरेलू व्यापार								
जीएसटी ई-वे बिल	16.0	16.8	16.9	19.4	20.5	23.1	19.4	15.7
जीएसटी ई-वे बिल अंतर्राज्यीय	17.5	17.0	13.8	19.5	20.9	25.9	23.7	19.3
जीएसटी ई-वे बिल अंतर-राज्यीय	13.2	16.5	23.0	19.1	19.7	18.0	11.5	9.2
जीएसटी राजस्व	10.2	9.2	8.7	10.7	12.4	8.4	4.8	7.7
निर्माण								
इस्पात (स्टील) की खपत	15.3	12.1	8.1	11.6	7.9	8.8	4.6	10.4
सीमेंट उत्पादन	0.5	3.2	8.7	12.4	8.1	7.3	11.2	8.2
पर्यटन और आतिथ्य								
होटल अधिभोग दर	-2.4	2.1	1.8	1.2	1.4	-2.0	0.8	-3.6
विदेशी पर्यटकों का आगमन*	5.5	1.6	-0.3	-10.0	-18.3	-10.8	-1.4	5.2
पीएमआई								
सेवाएं पीएमआई	60.5	59.6	58.7	58.0	59.3	61.4	58.9	58.0
सेवाओं का भविष्य परिदृश्य	63.2	62.2	63.8	62.2	59.4	60.1	57.1	62.8
संयुक्त पीएमआई	61.0	59.9	59.0	58.7	60.0	61.8	59.3	58.1
संयुक्त भविष्य परिदृश्य	63.8	62.3	63.6	63.1	60.6	60.4	57.6	62.0

संकुचन ← → विस्तार

पीएमआई: क्रय प्रबंधक सूचकांक।

***:** 2025-26 की चतुर्थ तिमाही के लिए आँकड़े जनवरी 2026 तक हैं।

टिप्पणी: सभी पीएमआई मान सूचकांक प्रपत्र में रिपोर्ट किए गए हैं (>50: विस्तार; <50: संकुचन; और = 50: कोई परिवर्तन नहीं)।

स्रोत: भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण; फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन (एफएडीए); सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (सियाम); भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम; वाहन पंजीकरण पोर्टल; रेल मंत्रालय, भारत सरकार; भारतीय बंदरगाह संघ; वस्तु और सेवा कर नेटवर्क (जीएसटीएन); संयुक्त संयंत्र समिति, आर्थिक सलाहकार का कार्यालय, भारत सरकार; एचवीएस एनालॉक, और पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार और एसएंडपी ग्लोबल।

परियोजनाओं के शुभारंभ (लॉन्च) में तेजी आई, जबकि पिछली तिमाही में मामूली वृद्धि दर्ज करने के बाद बिक्री में गिरावट देखने को मिली। बिक्री समायोजित प्रलंबित अतिरिक्त स्टॉक (इन्वेंट्री ओवरहैंग)[22], जो हाल की तिमाहियों में स्थिर होने के

[22] वर्तमान इन्वेंट्री को बेचने में महीनों में समय लगेगा।

बाद 2025-26 की तीसरी तिमाही में बढ़ गया, हालाँकि, यह कोविड-19 से पहले के दो वर्षों के 32 महीनों के औसत स्तर से नीचे ही रहा (चार्ट II.2.10)।

II.2.21 सेवा क्षेत्र समग्र सूचकांक (एसएससीआई)[23], जो निर्माण, व्यापार, परिवहन और वित्तीय सेवाओं में गतिविधि की निगरानी करता है तथा सेवा क्षेत्र में जीवीए वृद्धि के एक संयोग संकेतक के रूप में कार्य करता है [लोक प्रशासन, रक्षा और अन्य सेवाओं (पीएडीओ) को छोड़कर], पिछली तीन तिमाहियों में अनुक्रमिक सुधार दर्शाने के बाद मार्च 2026 में मंद हो गया। एसएससीआई में यह कमी 2025-26 की चतुर्थ तिमाही में व्यापार और परिवहन संकेतकों में कमजोर वृद्धि से प्रेरित रही (चार्ट II.2.11)।

रोजगार

II.2.22 वर्ष 2025 में रोजगार स्थितियाँ स्थिर रहीं। जनवरी-दिसंबर 2025 के लिए वार्षिक आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट के अनुसार, श्रम बल भागीदारी दर (एलएफपीआर), श्रमिक जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), और बेरोजगारी दर (यूआर) में मामूली गिरावट देखी गई (चार्ट II.2.12ए)[24]। ग्रामीण क्षेत्रों में एलएफपीआर और डब्ल्यूपीआर में कमी आई, जबकि शहरी एलएफपीआर अपरिवर्तित रहा और डब्ल्यूपीआर में वृद्धि हुई (चार्ट II.2.12बी)। कुल रोजगार में नियमित मजदूरी/वेतनभोगी और दिहाड़ी श्रम की हिस्सेदारी में वृद्धि हुई, जबकि स्व-नियोजित लोगों की हिस्सेदारी में गिरावट आई (चार्ट II.2.12सी)।

II.2.23 हाल ही में लागू किए गए श्रम सुधारों से श्रम बाजार में लचीलापन बढ़ने और अनुपालन का बोझ कम होने की उम्मीद है, साथ ही ये सार्वभौमिक सामाजिक सुरक्षा, सांविधिक न्यूनतम वेतन और स्वास्थ्य और सुरक्षा के बेहतर प्रावधान भी सुनिश्चित करेंगे; जिससे औपचारिक रोजगार सृजन, श्रमिक कल्याण और उद्यम विस्तार को बढ़ावा मिलेगा।

चार्ट II.2.10: रिहायशी आवास क्षेत्र

(माह, बायाँ मान; व-द-व, प्रतिशत, दायां मान)



स्रोत: Housing.com.

चार्ट II.2.11: सेवा क्षेत्र में संवृद्धि (पीएडीओ को छोड़कर) और एसएससीआई

(प्रतिशत, व-द-व, बायाँ मान; एसएससीआई, दायां मान)



स्रोत: एनएसओ एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

[23] एसएससीआई का सृजन सेवा क्षेत्र के तीन प्रमुख उप-क्षेत्रों, यथा निर्माण; व्यापार, होटल, परिवहन, संचार और प्रसारण सेवाओं; और वित्तीय, स्थावर संपदा और पेशेवर सेवाओं - में प्रमुख संकेतकों से उच्च-आवृत्ति डेटा को प्राप्त कर और संयोजित करके किया जाता है। इन संकेतकों को अंतिम सूचकांक उत्पन्न करने के लिए एक गतिशील कारक मॉडल का उपयोग करके संयोजित किया जाता है।

[24] सभी पीएलएफएस संकेतक सामान्य स्थिति (पीएस + एसएस) में हैं तथा 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिए हैं।

चार्ट II.2.12: श्रम बाजार संकेतक – पीएलएफएस



स्रोत: एमओएसपीआई, भारत सरकार।

निष्कर्ष

II.2.24 भारत की आर्थिक गतिविधियों ने 2025-26 में उल्लेखनीय सुदृढ़ता प्रदर्शित की, जो निजी उपभोग में स्थिर गति, निश्चित निवेश में वृद्धि, विनिर्माण गतिविधि के मजबूत निष्पादन और सेवाओं में उत्साहजनक प्रदर्शन से प्रेरित रही। इसके अतिरिक्त, हाल ही में संपन्न हुए भारत-यूरोपीय संघ मुक्त व्यापार करार (एफटीए) और भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के साथ-साथ कई अन्य व्यापार समझौतों पर चल रही चर्चाओं से मध्यम अवधि में निर्यात का बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। हालांकि, मौसम से संबंधित आकस्मिकताओं के कारण कृषि एवं संबद्ध क्षेत्र की गतिविधियों में नरमी के साथ-साथ लगातार बने भू-राजनीतिक तनाव, अनिश्चित व्यापार माहौल और वित्तीय बाजारों में उतार-चढ़ाव जैसी वैश्विक चुनौतियों के कारण संवृद्धि परिदृश्य के समक्ष गिरावट संबंधी जोखिम बने हुए हैं।

II.3 कीमतों की स्थिति

II.3.1 2025-26 के दौरान मुद्रास्फीति की गतिशीलता में एक लंबे समय तक नरमी बनी रही, जो पिछले वर्षों की तुलना में एक स्पष्ट बदलाव था। 2025-26 के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति घटकर 2.1 प्रतिशत हो गई, इसमें खाद्य पदार्थों की कीमतों में अपस्फीति और मजबूत अनुकूल आधार प्रभाव का योगदान रहा (चार्ट II.3.1)[25]। सितंबर 2025 में जीएसटी दरों

[25] सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) ने जनवरी 2025 से सीपीआई आधार 2024=100 श्रृंखला जारी की है, जिसमें हेडलाइन मुद्रास्फीति के लिए लिंकिंग फैक्टर 0.53 है। हालांकि, कार्यप्रणाली, नमूना आकार और संग्रहण तकनीकों में बदलाव के कारण, यह नई श्रृंखला, पुरानी श्रृंखला के साथ पूरी तरह से तुलनीय नहीं है। इसलिए, इस खंड में दिसंबर 2025 तक सीपीआई मुद्रास्फीति के बारे में चर्चा आधार 2012=100 के साथ सीपीआई श्रृंखला से संबंधित है, और उसके बाद के महीनों के लिए यह आधार 2024=100 पर आधारित है।

चार्ट II.3.1: हेडलाइन मुद्रास्फीति के रुझान



टिप्पणियाँ: 1. दिसंबर 2025 तक मुद्रास्फीति की गणना पुरानी सीपीआई श्रृंखला (आधार 2012=100) का उपयोग करके की गई है और उसके बाद, वर्तमान श्रृंखला (आधार 2024=100) का उपयोग किया गया है। ऊर्ध्वाधर डैश वाली रेखा पुरानी और वर्तमान सीपीआई श्रृंखलाओं के बीच के अंतराल को दर्शाती है, क्योंकि इन दोनों श्रृंखलाओं में मुद्रास्फीति आँकड़ों की तुलना ठीक से नहीं की जा सकती है।

2. सीपीआई 2024=100 (2012=100) में, सीपीआई-संयुक्त में श्रेणी-वार भार इस प्रकार हैं: खाद्य और पेय पदार्थ: 36.8 (45.9), ईंधन और बिजली: 10.2 (6.8), खाद्य और ईंधन को छोड़कर: 53.0 (47.3)।

3. वर्तमान श्रृंखला (2024=100) में ईंधन और बिजली दो श्रेणियों को दर्शाते हैं, यथा 'बिजली, गैस और अन्य ईंधन'; और 'व्यक्तिगत परिवहन साधन के लिए ईंधन और स्नेहक' जिनमें 'पेट्रोल', 'डीजल' और 'अन्य प्राकृतिक गैस (सीएनजी)' शामिल हैं। विवरण के लिए, अप्रैल 2026 की मौद्रिक नीति रिपोर्ट में बॉक्स संख्या IV.2 देखें।

स्रोत: एनएसओ एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

के युक्तिकरण और सरलीकरण ने भी कई वस्तुओं और सेवाओं पर मूल्य दबाव को सीमित करने में मदद की। दूसरी ओर मूल मुद्रास्फीति, यानी खाद्य और ईंधन को छोड़कर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) को मूल्यवान धातुओं से उत्पन्न होने वाले ऊर्ध्वगामी दबावों का सामना करना पड़ा। हालांकि, वर्ष के अंत में, जैसे ही पश्चिमी एशिया में संघर्ष छिड़ गया, घरेलू तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलपीजी) की कीमतों में वृद्धि के कारण ईंधन और बिजली घटक में मुद्रास्फीति बढ़ गई।

II.3.2 सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई), भारत सरकार (जीओआई) ने 12 फरवरी 2026 को आधार वर्ष 2024=100 के साथ एक नई सीपीआई श्रृंखला जारी की। संशोधित संरचना संयुक्त राष्ट्र के 'क्लासिफिकेशन ऑफ इंडिविडुअल कंजम्पशन अकॉर्डिंग टू पर्पज (सीओआईसीओपी)' 2018 का अनुसरण करती है, जिसमें घरेलू उपभोग व्यय सर्वेक्षण (एचसीईएस) 2023-24 से भार प्राप्त किए गए हैं। नई संरचना के तहत, सीपीआई आधार वर्ष 2012 = 100 के अनुसार पहले के छह समूहों को अब 12 वर्गों में पुनर्गठित किया गया है। विशेष रूप से, नई श्रृंखला में 'खाद्य और पेय पदार्थों' का भार 45.9 प्रतिशत से घटकर 36.8 प्रतिशत हो गया, यह उपभोक्ताओं के उपभोग के बदलते स्वरूप को दर्शाता है, जिसमें वे अब अधिक गैर-खाद्य वस्तुओं की ओर बढ़ रहे हैं; साथ ही, यह तैयार खाद्य घटक का पुनर्वर्गीकरण 'रेस्तरां और आवास सेवाओं' वर्ग में करने को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त, 'आवास' और 'ईंधन और बिजली' समूहों को 'आवास, जल, बिजली, गैस और अन्य ईंधनों के वर्ग' में रखा गया है, जबकि 'परिवहन और संचार' समूह को 'परिवहन' और 'सूचना और संचार' वर्गों में विभाजित किया गया है (सारणी II.3.1)।

II.3.3 जहाँ औसत मुद्रास्फीति में तेजी से कमी आई, वहीं मानक विचलन द्वारा मापी गई अस्थिरता में 2025-26 में मामूली वृद्धि हुई क्योंकि इस दौरान मुद्रास्फीति 0.3 से 3.4 प्रतिशत के बीच रही (सारणी II.3.2)। मुद्रास्फीति के वर्ष-वार वितरण में थोड़ी ऋणात्मक विषमता (नेगेटिव स्क्यूनेस) देखने को मिली, जो यह संकेत देती है कि कम मुद्रास्फीति वाले परिणामों की ओर इसका विस्तार थोड़ा अधिक था।

सीपीआई मुद्रास्फीति के घटक

खाद्य पदार्थ

II.3.4 खाद्य और पेय पदार्थों की कीमतों में 2025-26 (अप्रैल-दिसंबर 2025) में वर्ष-दर-वर्ष (वाई-ओ-वाई) 0.8 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 7.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। 2025-26 की चतुर्थ तिमाही

सारणी II.3.1: सीपीआई भार संरचना में परिवर्तन

क्र.सं.	वर्ग	सीपीआई 2024 = 100	क्र.सं.	समूह	सीपीआई 2012 = 100
1	खाद्य और पेय पदार्थ	36.8	1	खाद्य और पेय पदार्थ	45.9
2	पान, तंबाकू और मादक पदार्थ	3.0	2	पान, तंबाकू और मादक पदार्थ	2.4
3	कपड़े और जूते	6.4	3	कपड़े और जूते	6.5
4	आवास, पानी, बिजली, गैस और अन्य ईंधन	17.7	4	आवास	10.1
5	फर्नीचर, घरेलू उपकरण और नियमित घरेलू रखरखाव	4.5	5	ईंधन और बिजली	6.8
6	शिक्षा सेवाएँ	3.3	6	विविध	28.3
7	स्वास्थ्य	6.1		*जिनमें से:*	
8	सूचना और संचार	3.6	6.1	घरेलू सामान और सेवाएँ	3.8
9	परिवहन	8.8	6.2	स्वास्थ्य	5.9
10	मनोरंजन, खेल और संस्कृति	1.5	6.3	परिवहन और संचार	8.6
11	व्यक्तिगत देखभाल, सामाजिक सुरक्षा एवं विविध वस्तुएँ और सेवाएँ	5.0	6.4	मनोरंजन और मन-बहलाव	1.7
12	रेस्तरां और आवास सेवाएँ	3.3	6.5	शिक्षा	4.5
			6.6	व्यक्तिगत देखभाल और उससे जुड़ी वस्तुएँ	3.9
	कुल	**100**		**कुल**	**100**

टिप्पणी: प्रत्येक सीपीआई श्रृंखला उस वर्गीकरण का अनुसरण करती है जिसके साथ इसे प्रकाशित किया गया था, और समान श्रेणियों में भार संरचना पूरी तरह से से तुलनीय नहीं है।
स्रोत: एनएसओ; एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

में, खाद्य और पेय पदार्थों में मुद्रास्फीति औसतन 3.1 प्रतिशत (सीपीआई 2024=100) पर अधिक थी। अक्टूबर 2025 में, सीपीआई खाद्य और पेय पदार्थों की श्रेणी में सीपीआई श्रृंखला में सबसे तेज अपस्फीति दर्ज की गई, जो दिसंबर में 1.8 प्रतिशत तक पहुंचने से पहले 3.7 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) थी। अक्टूबर 2024 में 9.7 प्रतिशत के उच्च स्तर से मुद्रास्फीति में हुई निरंतर गिरावट का मुख्य कारण सब्जियों, दालों और अनाजों की कीमतों में दबाव का कम होना और एक मजबूत अनुकूल आधार प्रभाव था (चार्ट II.3.2)। आपूर्ति पक्ष के अनुकूल कारकों, अर्थात् उच्च घरेलू और थोक बाज़ार में स्थिर आवक के कारण खाद्यान्न का पर्याप्त भंडार, सहायक व्यापार नीतियाँ, सरकार द्वारा सक्रिय आपूर्ति प्रबंधन और बड़े

सारणी II.3.2: सीपीआई हेडलाइन मुद्रास्फीति - प्रमुख सांख्यिकी सारांश

(प्रतिशत)

	2016-17	2017-18	2018-19	2019-20	2020-21	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11
माध्य	4.5	3.6	3.4	4.8	6.2	5.5	6.7	5.4	4.6	2.1
मानक विचलन	1.0	1.2	1.1	1.8	1.1	0.9	0.7	0.9	0.9	1.0
स्क्यूनेस	0.2	-0.2	0.1	0.5	-0.7	-0.1	-0.1	1.5	0.0	-0.3
कर्टोसिस	-1.6	-1.0	-1.5	-1.4	-0.7	-1.0	-0.6	1.6	-1.2	-1.0
माध्यिका	4.3	3.4	3.5	4.3	6.5	5.6	6.7	5.1	4.8	2.1
अधिकतम	6.1	5.2	4.9	7.6	7.6	7.0	7.8	7.4	6.2	3.4
न्यूनतम	3.2	1.5	2.0	3.0	4.1	4.2	5.7	4.3	3.3	0.3

टिप्पणी: 1. स्क्यूनेस और कर्टोसिस की कोई इकाई नहीं होती। वार्षिक मुद्रास्फीति वर्ष के दौरान मासिक मुद्रास्फीति दरों का औसत है और इसलिए, यह वर्ष के लिए औसत सूचकांक से गणना की गयी वार्षिक मुद्रास्फीति से भिन्न हो सकती है।
2. दिसंबर 2025 तक, मासिक मुद्रास्फीति दरें पुरानी सीपीआई श्रृंखला (आधार 2012=100) से संबंधित हैं, उसके बाद से वर्तमान श्रृंखला (आधार 2024=100) से संबंधित हैं।
स्रोत: एनएसओ; एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.3.2: हाल की अवधि में खाद्य मुद्रास्फीति में कमी

(प्रतिशत अंकों में योगदान)



*: इसमें अंडे, दूध और उससे तैयार उत्पाद एवं मांस और मछली शामिल हैं।

#: चीनी, मिठान्न, मिठाई (डेसर्ट); तैयार भोजन और अन्य खाद्य उत्पाद; पेय पदार्थ; और खाद्य के लिए प्राथमिक वस्तुओं के प्रसंस्करण के लिए सेवाएं शामिल हैं।

टिप्पणी: दिसंबर 2025 तक मुद्रास्फीति की गणना पुरानी सीपीआई श्रृंखला (आधार 2012=100) का उपयोग करके की गई है और उसके बाद, वर्तमान श्रृंखला (आधार 2024=100) का उपयोग किया गया है। ऊर्ध्वाधर डैश वाली रेखा पुरानी और वर्तमान सीपीआई श्रृंखलाओं के बीच के अंतराल को दर्शाती है, क्योंकि इन दोनों श्रृंखलाओं में मुद्रास्फीति आँकड़ों की तुलना ठीक से नहीं की जा सकती है।

स्रोत: एनएसओ; एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

पैमाने पर अनुकूल मौसम की स्थितियों ने भी खाद्य मुद्रास्फीति को नियंत्रित रखने में योगदान दिया।

II.3.5 मौसमी और ऐतिहासिक रुझानों के विपरीत, सब्ज़ियों की कीमतों में सर्दियों के दौरान नरमी की विस्तारित अवधि के बाद, गर्मियों में होने वाली बढ़ोतरी असामान्य रूप से निम्न और विलंबित रही। अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान सब्जियों की कीमतों में 19.4 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की गिरावट दर्ज की गई, इसके बाद 2025-26 की चतुर्थ तिमाही में 0.8 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली (चार्ट II.3.3ए)।

II.3.6 टमाटर, प्याज और आलू (टीओपी) की कीमतों में पूरे वर्ष नरमी बनी रही। गर्मियों में कीमतों की कम वृद्धि के बाद सितंबर-अक्टूबर 2025 में तीव्र गिरावट हुई क्योंकि उत्पादन और बाजार उपलब्धता मजबूत बनी रही। इस श्रेणी में, 2025-26 की पहली तीन तिमाहियों के दौरान 31.3 प्रतिशत और चौथी तिमाही के दौरान 12 प्रतिशत की मूल्य गिरावट दर्ज की गई थी, जो विशेष रूप से प्याज द्वारा संचालित रही; इसके मुख्य कारण थे: 2024-25 में अधिक उत्पादन (2023-24 की तुलना में 26.7 प्रतिशत अधिक) के कारण बाज़ार में लगातार आवक, निर्यात में कमी, और आपूर्ति-पक्ष के उपाय—जिनमें सरकार के बफर स्टॉक से लक्षित खुदरा बिक्री शामिल है (चार्ट 11.3.3बी)। टीओपी को छोड़कर अन्य सब्जियों की कीमतों में भी अप्रैल-दिसंबर 2025 (वर्ष-दर-वर्ष) में 11.4 प्रतिशत

चार्ट II.3.3: सीपीआई में मौसमी प्रभाव - सब्जी की कीमतें

ए. सीपीआई-सब्जियां - संचयी गति

(प्रतिशत)



बी. सब्जी संबंधी मुद्रास्फीति के चालक

(प्रतिशत अंकों में योगदान)



टिप्पणियाँ: 1. चार्ट बी के लिए, दिसंबर 2025 तक मुद्रास्फीति की गणना पुरानी सीपीआई श्रृंखला (आधार 2012=100) का उपयोग करके की गई है और उसके बाद, वर्तमान श्रृंखला (आधार 2024=100) का उपयोग किया गया है। ऊर्ध्वाधर डैश वाली रेखा पुरानी और वर्तमान सीपीआई श्रृंखलाओं के बीच के अंतराल को दर्शाती है, क्योंकि इन दोनों श्रृंखलाओं में मुद्रास्फीति आँकड़ों की तुलना ठीक से नहीं की जा सकती है।

2. सीपीआई 2024=100 (2012=100) में, सीपीआई-सब्जियों में श्रेणी-वार भार इस प्रकार हैं: आलू: 14.8 (16.3), प्याज: 13.8 (10.7), टमाटर: 9.7 (9.5), और अन्य सब्जियां: 61.6 (63.5)।

स्रोत: एनएसओ, एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

का संकुचन दर्ज किया गया, इसके बाद 2025-26 की चतुर्थ तिमाही में 8 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) अधिक कीमतें दर्ज की गईं, जिनका मुख्य कारण प्रतिकूल आधार प्रभाव थे।

II.3.7 दालें, जो वनस्पति-आधारित प्रोटीन का मुख्य स्रोत हैं, उनमें पहली तीन तिमाहियों के दौरान 13 प्रतिशत की अपस्फीति दर्ज की गई, जबकि पिछले वर्ष कीमतों में 11.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी; इसके बाद 2025-26 की चतुर्थ तिमाही में 7.9 प्रतिशत की गिरावट देखी गई। अक्टूबर 2025 तक लगातार 17 महीनों तक दालों की महंगाई में क्रमिक रूप से नरमी आई। इसके प्रमुख कारण थे: 2024-25 में मजबूत उत्पादन (2023-24 की तुलना में 5.9 प्रतिशत अधिक) से बढ़ी हुई उपलब्धता, प्रमुख दालों (पीली मटर, अरहर और उड़द) का बड़े पैमाने पर आयात, स्टॉक प्रकटीकरण अनिवार्यताएँ, और केंद्र सरकार द्वारा 'भारत दाल' की खुदरा बिक्री[26] (चार्ट II.3.4)।

II.3.8 अनाज ने अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 2.4 प्रतिशत की सामान्य वृद्धि दर्ज की, जबकि पिछले वर्ष में यह 7.6 प्रतिशत थी, जो चावल, गेहूँ एवं अन्य अनाजों और उनसे तैयार उत्पादों की कीमतों में बड़े पैमाने पर गिरावट से प्रेरित थी। 2025-26 की चतुर्थ तिमाही में, गेहूँ की कीमतों में आई गिरावट के कारण अनाज की कीमतें 0.2 प्रतिशत कम हो गईं (चार्ट II.3.5)। दिसंबर 2025 में, 50 महीनों के बाद गेहूँ में अपस्फीति दर्ज की गई, जिसका कारण रिकॉर्ड उत्पादन (2024-25 में 4.1 प्रतिशत अधिक), पर्याप्त बफर स्टॉक (16 मार्च 2026 तक निर्धारित मानक से 1.7 गुना अधिक) और फरवरी 2026 तक जारी निर्यात प्रतिबंध थे। रिकॉर्ड चावल उत्पादन (2024-25 में 9 प्रतिशत अधिक) और उच्च बफर स्टॉक (16 मार्च 2026 तक निर्धारित मानक से 9.7 गुना अधिक) ने चावल की कीमतों में मुद्रास्फीति को कम रखा।

II.3.9 प्रमुख खाद्य पदार्थों द्वारा संचालित वर्ष के दौरान समग्र खाद्य मुद्रास्फीति में नरमी के विपरीत, 'फल' और 'तेल और वसा' की कीमतों में ऊर्ध्वगामी दबाव देखे गए। 2024-25 में उच्च तापमान और बेमौसम बारिश के कारण नारियल उत्पादन में 5 प्रतिशत की गिरावट के कारण नारियल की कीमतें बढ़ गईं। इसके चलते अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान फलों की औसत मुद्रास्फीति 10.6 प्रतिशत और चौथी तिमाही के दौरान 7.9 प्रतिशत रही। तेल और वसा संबंधी मुद्रास्फीति अक्टूबर 2025 तक लगातार 12 महीनों तक दहाई अंकों में बनी रही तथा 2025-26 (अप्रैल-दिसंबर) में कीमतों में 15 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई, यह वृद्धि एक वर्ष पहले इसी अवधि में 1.9 प्रतिशत थी; इसके बाद 2025-26 की चतुर्थ

चार्ट II.3.4: सीपीआई-दालें - अरहर चालित अपस्फीति

(प्रतिशत अंकों में योगदान)



*: इसमें मूंग, मसूर, मटर और दाल से निर्मित अन्य उत्पाद शामिल हैं।

टिप्पणियाँ: 1. दिसंबर 2025 तक मुद्रास्फीति की गणना पुरानी सीपीआई श्रृंखला (आधार 2012=100) का उपयोग करके की गई है और उसके बाद, वर्तमान श्रृंखला (आधार 2024=100) का उपयोग किया गया है। ऊर्ध्वाधर डैश वाली रेखा पुरानी और वर्तमान सीपीआई श्रृंखलाओं के बीच के अंतराल को दर्शाती है, क्योंकि इन दोनों श्रृंखलाओं में मुद्रास्फीति आँकड़ों की तुलना ठीक से नहीं की जा सकती है।

2. सीपीआई 2024=100 (2012=100) में, सीपीआई-दालों और उनसे बने उत्पादों में अलग-अलग श्रेणी-वार भार इस प्रकार हैं: अरहर: 32.4 (33.4), चना और उससे बने उत्पाद: 19.9 (13.3), उड़द: 11.2 (11.5), और अन्य: 36.4 (41.8)।

स्रोत: एनएसओ; एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

[26] अप्रैल 2024 में, भारत सरकार ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को निदेश दिया कि वे पाँच प्रमुख दालों – अरहर (तूर), उड़द, चना, मसूर और मूँग तथा आयातित पीली मटर के लिए, स्टॉक रखने वाली सभी संस्थाओं द्वारा साप्ताहिक स्टॉक की जानकारी देने और उसके सत्यापन को अनिवार्य रूप से लागू करें।

चार्ट II.3.5: सीपीआई-अनाज की महंगाई कम रही

(प्रतिशत अंकों में योगदान)



*: इसमें चावल से बने उत्पाद जैसे चिउड़ा, मुरमुरे; गेहूं से बने उत्पाद जैसे मैदा, सूजी; मोटे अनाज, ब्रेड, चॉकलेट, बिस्किट, केक, नूडल्स आदि शामिल हैं।

टिप्पणियाँ: 1. दिसंबर 2025 तक मुद्रास्फीति की गणना पुरानी सीपीआई श्रृंखला (आधार 2012=100) का उपयोग करके की गई है और उसके बाद, वर्तमान श्रृंखला (आधार 2024=100) का उपयोग किया गया है। ऊर्ध्वाधर डैश वाली रेखा पुरानी और वर्तमान सीपीआई श्रृंखलाओं के बीच के अंतराल को दर्शाती है, क्योंकि इन दोनों श्रृंखलाओं में मुद्रास्फीति आँकड़ों की तुलना ठीक से नहीं की जा सकती है।

2. सीपीआई 2024=100 (2012=100) में, सीपीआई-अनाज और उनसे बने उत्पादों के श्रेणी-वार भार इस प्रकार हैं: चावल: 34.2 (49.1), गेहूं: 12.9 (28.3), और अन्य: 52.9 (22.6)।

स्रोत: एनएसओ; एवं आरबीआई स्टाफ अनुमान।

II.5.18 2025-26 की पहली तिमाही में, भारतीय इक्विटी बाज़ार में दोनों तरफ़ हलचल देखने को मिली। इसकी वजह कुछ ऐसे प्रतिकूल कारक थे, जैसे अमेरिका द्वारा टैरिफ़ की घोषणाएँ, भारत-पाकिस्तान संघर्ष का बढ़ना और मध्य-पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव। वहीं, निवेशकों का मन कुछ सकारात्मक बातों से बेहतर हुआ, जैसे रिज़र्व बैंक द्वारा भारत सरकार को रिकॉर्ड सरप्लस अंतरित करना और जून में रिज़र्व बैंक द्वारा मौद्रिक नीति में ढील की शुरुआत करना। दूसरी तिमाही में, बाज़ार गिरे, क्योंकि टैरिफ़ को लेकर बढ़ती अनिश्चितता और अमेरिका द्वारा एच1 बी वीज़ा शुल्क में बढ़ोतरी जैसी नकारात्मक बातों का असर, निवेशकों के विश्वास पर भारी पड़ गया जो भारत की राष्ट्रिक रेटिंग में एक बड़ी वैश्विक क्रेडिट रेटिंग एजेंसी द्वारा किए गए सुधार,जीएसटी सुधारों की घोषणा और मज़बूत मैक्रोइकोनॉमिक डेटा के जारी होने से बना था। तीसरी तिमाही में, बाज़ार बढ़े, क्योंकि दूसरी तिमाही के कॉर्पोरेट कमाई के नतीजों को लेकर आशावाद था, और अमेरिका के फ़ेडरल रिज़र्व द्वारा नीतिगत दरमें कटौती तथा एआई समेत तकनीक में बढ़ते निवेश से वैश्विक स्तर पर सकारात्मक संकेत मिले थे। चौथी तिमाही में बाज़ार गिरे, क्योंकि टैरिफ़ को लेकर नई अनिश्चितताएँ, मध्य-पूर्व में भू-राजनीतिक तनाव का बढ़ना और एआई से जुड़ी लगातार चिंताओं का असर, भारत-ईयू

चार्ट II.5.6: इक्विटी बाजार



स्रोत: बीएसई, एनएसई और ब्लूमबर्ग।

व्यापार समझौतों की घोषणा, और मौद्रिक नीति के वक्तव्यों में 2025-26 तथा 2026-27 के पहली तिमाही और दूसरी तिमाही के लिए जीडीपी संवृद्धि के ऊँचे अनुमानों से बने बेहतर माहौल पर भारी पड़ गया।

II.5.19 कुल मिलाकर, 2025-26 में बीएसई 150 मिडकैप में मामूली 1.0 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि बीएसई 250 स्माल कैप में 6.5 प्रतिशत की गिरावट आई। इस दौरान क्षेत्रवार इंडेक्स का प्रदर्शन मिला-जुला रहा (चार्ट II.5.7ए) । एफ़पीआई ने 2025-26 के दौरान घरेलू इक्विटी बाज़ार में ₹2.7 लाख करोड़ की निवल बिक्री की, जबकि पिछले वर्ष यह निवल बिक्री ₹2.6 लाख करोड़ थी। घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 2025-26 में ₹8.5 लाख करोड़ की निवल खरीदारी की, जबकि पिछले वर्ष यह ₹6.1 लाख करोड़ थी (चार्ट II.5.7बी) ।

प्राथमिक बाज़ार में संसाधन जुटाना

II.5.20 इक्विटी बाज़ार के प्राथमिक खंड में, क्यूआईपी और अधिमानी आबंटन के ज़रिए संसाधन जुटाने की स्थिति 2025-26 के दौरान ₹2.2 लाख करोड़ रहा, जो पिछले वर्ष के बराबर ही था। प्रारंभिक सार्वजनिक प्रस्तावों (आईपीओ), फॉलो-ऑन सार्वजनिक प्रस्तावों (एफ़पीओ) और राइट्स निर्गम के ज़रिए संसाधन जुटाने की स्थिति पिछले वर्ष के ₹2.1 लाख करोड़ से बढ़कर 2025-26 में ₹2.3 लाख करोड़ हो गया (चार्ट II.5.8ए)। इस वर्ष के दौरान प्राथमिक बाज़ार में एफ़पीआई निवल खरीदार रहे। सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) के ज़रिए म्यूचुअल फंड में औसत मासिक योगदान पिछले वर्ष के ₹24.1 हज़ार करोड़ से बढ़कर 2025-26 में ₹29.1 हज़ार करोड़ हो गया (चार्ट II.5.8बी)।

विदेशी मुद्रा बाज़ार

II.5.21 2025-26 के दौरान आईएनआर में गिरावट का रुझान रहा और यह 9.9 प्रतिशत की गिरावट के साथ बंद हुआ। 2025-26 की पहली छमाही के दौरान, यूएस डॉलर इंडेक्स में नरमी और यूएस द्वारा आपसी टैरिफ को निलंबित करने के कारण आईएनआर में शुरू में मज़बूती आई, और 2 मई 2025 को यह ₹83.75 प्रति यूएसडी के साथ साल के उच्चतम स्तर पर पहुँच गया। हालाँकि, बाद में सीमा पर तनाव बढ़ने, टैरिफ से जुड़ी चिंताओं और इक्विटी श्रेणी से एफ़पीआई के बाहर जाने के कारण इस पर दबाव बढ़ गया। आईएनआर, पहली छमाही के अंत में ₹88.79 प्रति यूएसडी पर बंद हुआ, जो 3.8 प्रतिशत की गिरावट दर्शाता है (चार्ट II.5.9)।

II.5.22 2025-26 की दूसरी छमाही के दौरान, शुरू में एक सीमित दायरे में कारोबार करने के बाद, आईएनआर पर बाद में कई विपरीत परिस्थितियों का दबाव पड़ा, जिनमें व्यापार से जुड़ी लगातार अनिश्चितताएँ और माल व्यापार घाटे का बढ़ना शामिल है। फरवरी के दौरान व्यापार के मोर्चे पर सकारात्मक

चार्ट II.5.7: व्यापक बाज़ार और संस्थागत निवेश



स्रोत: सेबी, एनएसडीएल और ब्लूमबर्ग।

चार्ट II.5.8: संसाधन जुटाना



स्रोत: सेबी और एएमएफआई।

घटनाक्रमों के चलते आईएनआर ने अपनी कुछ गिरावट की भरपाई की। हालाँकि, मार्च में मध्य पूर्व में संघर्ष छिड़ने और उसके परिणाम स्वरूप कच्चे तेल की कीमतों में उछाल के कारण जोखिम की स्थिति से इस पर फिर से दबाव बढ़ गया। एफ़पीआई के बाहर जाने और डॉलर इंडेक्स में मज़बूती आने का भी आईएनआर पर नकारात्मक असर पड़ा। छ2:2025-26 के लिए, आईएनआर 6.4 प्रतिशत की गिरावट के साथ ₹94.83 प्रति यूएसडी पर बंद हुआ।

चार्ट II.5.9: रुपये, यूएस डॉलर, कच्चे तेल की कीमत और ईएम मुद्रा सूचकांक में उतार-चढ़ाव



स्रोत: ब्लूमबर्ग।

II.5.23 2025-26 के दौरान, नवंबर 2025 तक फॉरवर्ड प्रीमियम काफी हद तक ब्याज दर के अंतर के अनुरूप एक सीमित दायरे में रहा। हालाँकि, दिसंबर 2025 में भू-राजनीतिक तनाव बढ़ने के कारण इनमें उछाल आया और उसके बाद भी ये ऊँचे स्तर पर बने रहे। 2025-26 के दौरान, 40-मुद्रा नॉमिनल प्रभावी विनिमय दर (एनईईआर) और वास्तविक प्रभावी विनिमय दर (आरईईआर) में (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) क्रमशः 6.9 प्रतिशत और 7.5 प्रतिशत की गिरावट आई।

निष्कर्ष

II.5.24 2025-26 के दौरान, वैश्विक वित्तीय बाज़ारों में उतार-चढ़ाव के बावजूद, भारतीय वित्तीय बाज़ारों ने आघात–सहनीयता और व्यवस्थित गतिविधियाँ प्रदर्शित कीं। एक दिवसीय मुद्रा बाज़ार दरें काफी हद तक नीतिगत रेपो दर और चलनिधि की बदलती स्थितियों के अनुरूप बनी रहीं। पहली तिमाही में सरकारी प्रतिभूति प्रतिफल नरम रही, लेकिन बाद में राजकोषीय चिंताओं, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों और दिसंबर 2025 में दरों में कटौती के बाद आगे और नरमी की कम उम्मीदों के चलते यह फिर से सख्त हो गई। साल के दूसरे हिस्से में व्यापार से जुड़ी अनिश्चितता और पोर्टफोलियो इक्विटी के बाहर जाने के कारण आईएनआर में गिरावट का रुझान देखा गया। बदलते भू-राजनीतिक घटनाक्रमों, वैश्विक वित्तीय बाज़ार की अस्थिरता और विदेशी पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह से भारतीय इक्विटी बाज़ारों के प्रभावित होने की उम्मीद है।

II.6 सरकारी वित्त

II.6.1 केंद्र सरकार ने 2021-22 के केंद्रीय बजट में की गई घोषणा के अनुरूप, 2025-26 (सं.अ.) में सकल राजकोषीय घाटे (जीएफ़डी)[46] को जीडीपी के 4.5 प्रतिशत से कम करके और 2026-27 (ब.अ.) में इसे 4.3 प्रतिशत पर तय करके, राजकोषीय अनुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया है। केंद्र का जीडीपी-से-ऋण का अनुपात बजटीय रूप से 2025-26 (सं.अ.) के 56.1 प्रतिशत से गिरकर 2026-27 में 55.6 प्रतिशत होने का अनुमान है।

वर्ष 2025-26 में केंद्र सरकार का वित्त

II.6.2 केंद्र सरकार ने 2025-26 (सं.अ.) में अपने जीएफ़डी को जीडीपी के 4.4 प्रतिशत पर सीमित रखा, जो 2024-25 के 4.8 प्रतिशत से कम है। 2025-26 के दौरान, राजकोषीय समेकन का कारण बजट से अधिक गैर-कर राजस्व और व्यय का युक्तिकरण रहा (सारणी II.6.1 और चार्ट II.6.1)।

II.6.3 2025-26 (सं.अ.) में राजस्व व्यय, 2024-25 की तुलना में 7.4 प्रतिशत बढ़ गया; इसका मुख्य कारण ब्याज

सारणी II.6.1: केंद्र सरकार का राजकोषीय प्रदर्शन

(राशि ₹ लाख करोड़ में)

मद	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26 (सं.अ.)	2026-27 (ब.अ.)
1	2	3	4	5	6	7
I. गैर-कर्ज कुल प्राप्तियां	22.1	24.6	27.9	30.8	34.1	36.5
	(9.4)	(9.1)	(9.3)	(9.3)	(9.5)	(9.3)
II. सकल कर राजस्व	27.1	30.5	34.7	38.0	40.8	44.0
	(11.5)	(11.4)	(11.5)	(11.5)	(11.4)	(11.2)
ए) प्रत्यक्ष कर	14.1	16.6	19.6	22.2	24.2	27.0
	(6.0)	(6.2)	(6.5)	(6.7)	(6.8)	(6.9)
बी) अप्रत्यक्ष कर	13.0	13.9	15.1	15.7	16.6	17.1
	(5.5)	(5.2)	(5.0)	(4.8)	(4.6)	(4.3)
III. निवल कर राजस्व	18.0	21.0	23.3	25.0	26.7	28.7
	(7.6)	(7.8)	(7.7)	(7.6)	(7.5)	(7.3)
IV. गैर-कर राजस्व	3.7	2.9	4.0	5.4	6.7	6.7
	(1.5)	(1.1)	(1.3)	(1.6)	(1.9)	(1.7)
V. गैर-कर्ज पूंजी प्राप्तियां	0.4	0.7	0.6	0.4	0.6	1.2
	(0.2)	(0.3)	(0.2)	(0.1)	(0.2)	(0.3)
VI. कुल व्यय	37.9	41.9	44.4	46.5	49.6	53.5
	(16.1)	(15.6)	(14.8)	(14.1)	(13.9)	(13.6)
VII. राजस्व व्यय	32.0	34.5	34.9	36.0	38.7	41.3
	(13.6)	(12.8)	(11.6)	(10.9)	(10.8)	(10.5)
VIII. पूंजीगत व्यय	5.9	7.4	9.5	10.5	11.0	12.2
	(2.5)	(2.8)	(3.2)	(3.2)	(3.1)	(3.1)
IX. राजस्व घाटा	10.3	10.7	7.7	5.6	5.3	5.9
	(4.4)	(4.0)	(2.5)	(1.7)	(1.5)	(1.5)
X. सकल राजकोषीय घाटा	15.8	17.4	16.5	15.7	15.6	17.0
	(6.7)	(6.5)	(5.5)	(4.8)	(4.4)	(4.3)

ब.अ.: बजट अनुमान। सं.अ.: संशोधित अनुमान।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आँकड़े जीडीपी के प्रतिशत के रूप में हैं।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज।

[46] इस अध्याय में, केंद्र सरकार, राज्य सरकारों और सामान्य सरकार के सकल घरेलू उत्पाद के प्रतिशत के रूप में राजकोषीय संकेतकों की गणना सकल घरेलू उत्पाद श्रृंखला (2011-12 आधार वर्ष) का उपयोग करके की गई है।

चार्ट II.6.1: वर्ष 2025-26 में ब.अ. की तुलना में सं.अ. का राजकोषीय समेकन में योगदान

(जीडीपी का प्रतिशत)

ब.अ.: बजट अनुमान। सं.अ.: संशोधित अनुमान।

टिप्पणी: नकारात्मक योगदान, प्राप्तियों में कमी या व्यय में वृद्धि या जीडीपी में बजट अनुमान से संशोधित अनुमान तक अधोमुखी संशोधन को दर्शाता है क्योंकि ये बजटित राजकोषीय घाटे के लक्ष्य से गिरावट के कारण बनते हैं तथा दूसरी ओर, सकारात्मक योगदान बजट अनुमान से संशोधित अनुमान में उच्च प्राप्तियां या कम व्यय को दर्शाता है, क्योंकि ये बजटीय राजकोषीय घाटे के लक्ष्य की प्राप्ति में सहायक होते हैं।।

स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज और आरबीआई स्टाफ अनुमान।

चार्ट II.6.2: प्रमुख करों का निष्पादन

(जीडीपी का प्रतिशत)



टिप्पणी: वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में केंद्रीय जीएसटी, एकीकृत जीएसटी और जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर का योग है। केंद्र सरकार द्वारा 1 फरवरी, 2026[47] से जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर को पूरी तरह से समाप्त कर दिया गया है।

स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज।

भुगतान में वृद्धि और प्रमुख सब्सिडीयां थीं। प्रमुख सब्सिडीयों पर होने वाला व्यय, बजट में निर्धारित राशि से ₹46,327 करोड़ अधिक रहा; इसका मुख्य कारण खाद्य और उर्वरक सब्सिडीयों में हुई वृद्धि रहा ।

II.6.4 2025-26 (सं.अ.) में पूंजीगत व्यय जीडीपी का 3.1 प्रतिशत रहा, हालांकि यह ₹25,335 करोड़ कम रहने पर भी बजट अनुमानों के अनुरूप है। 2025-26 (सं.अ.) में प्रभावी पूंजीगत व्यय मोटे तौर पर अपरिवर्तित [जीडीपी का 3.9 प्रतिशत] रहा, जो कि 2024-25 (जीडीपी का 4.0 प्रतिशत) में था।

II.6.5 2025-26 (सं.अ.) में, सकल कर आय में 7.4 प्रतिशत का विस्तार हुआ, जिसका मुख्य कारण निगम कर से होने वाली आय में त्वरित संवृद्धि, और उत्पाद शुल्क तथा सीमा शुल्क में दोहरे अंकों की संवृद्धि थी। यह सकल घरेलू उत्पाद का 11.4 प्रतिशत रहा, जो मोटे तौर पर 2024-25 के अनुरूप है (चार्ट II.6.2)।

II.6.6 2025-26 (सं.अ.) में निवल कर राजस्व में 7.0 प्रतिशत की संवृद्धि हुई। 2025-26 (सं.अ.) में गैर-कर राजस्व में 24.4 प्रतिशत की मज़बूत संवृद्धि दर्ज की गई, जो इसके बजट अनुमानों से ₹84,662 करोड़ अधिक है। 2024-25 में संकुचन के बाद, 2025-26 (सं.अ.) में गैर-ऋण पूंजी प्राप्तियों में मजबूती से सुधार हुआ [53.1 प्रतिशत की वृद्धि]। कुल मिलाकर, 2025-26 (सं.अ.) में कुल गैर-ऋण प्राप्तियों में 10.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई।

वर्ष 2026-27 में केंद्र सरकार का वित्त

II.6.7 केंद्र सरकार 2020-21 में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंचने के बाद से, जीडीपी के प्रतिशत के रूप में जीएफ़डी को लगातार कम कर रही है (जीडीपी का 9.2 प्रतिशत) [सारणी II.6.1 और परिशिष्ट सारणी 6]। 2026-27 के लिए जीएफ़डी को जीडीपी के 4.3 प्रतिशत पर निर्धारित करने के साथ, महामारी के बाद के दौर में देखी गई राजकोषीय समेकन की प्रक्रिया के जारी रहने की उम्मीद है।

II.6.8 2026-27 के लिए पूंजीगत व्यय में 11.5 प्रतिशत की वृद्धि का बजट रखा गया है। राजस्व व्यय और पूंजीगत परिव्यय (आरईसीओ) अनुपात तथा जीएफ़डी के प्रतिशत के रूप में राजस्व घाटे से मापी गई व्यय की गुणवत्ता में हाल के वर्षों में मोटे तौर पर गिरावट का रुझान जारी है, जो सार्वजनिक व्यय की गुणवत्ता में सुधार का संकेत देता है (चार्ट II.6.3)।

[47] जीएसटी न्यूज़लेटर, जीएसटी परिषद सचिवालय, दिसंबर 2025, और पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी), 3 सितंबर 2025 ।

चार्ट II.6.3: व्यय की गुणवत्ता

(प्रतिशत, बायां मान; अनुपात, दायां मान)



स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज; और आरबीआई स्टाफ अनुमान ।

चार्ट II.6.4: कर राजस्व रुझान - केंद्र

(जीडीपी का प्रतिशत)



स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज ।

II.6.9 सकल कर राजस्व के 2026-27 में मामूली रूप से घटकर जीडीपी के 11.2 प्रतिशत पर आने का बजट अनुमान है । अप्रत्यक्ष करों का बजट अनुमान 2026-27 में सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 प्रतिशत पर कम रखा गया है, जिसका आंशिक कारण यह है कि जीएसटी क्षतिपूर्ति उपकर के लिए बजट आवंटन बंद कर दिया गया है (चार्ट II.6.4) ।

II.6.10 2026-27 के लिए सकल बाज़ार उधार ₹17.2 लाख करोड़ अनुमानित है, जो 2025-26 (सं.अ.) के ₹14.6 लाख करोड़ से अधिक है । 2026-27 (ब.अ.) के लिए निवल बाज़ार उधार ₹11.7 लाख करोड़ (जीडीपी का 3.0 प्रतिशत) है (चार्ट II.6.5ए) । बाज़ार उधार और अल्प बचतें जीएफ़डी के वित्तपोषण के प्रमुख स्रोत बने हुए हैं (चार्ट II.6.5बी) ।

वर्ष 2025-26 में राज्यों का वित्त

II.6.11 2025-26 के लिए, राज्यों ने सकल घरेलू उत्पाद के 3.3 प्रतिशत राजकोषीय घाटे का बजट रखा था (सारणी II.6.2) । 22 राज्यों के अनंतिम लेखा आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल-फरवरी 2025-26 के दौरान, बजट अनुमानों के हिस्से

चार्ट II.6.5: बाजार उधार और जीएफडी वित्तपोषण

ए. बाजार उधार और जीएफडी

(जीडीपी का प्रतिशत)



बी. जीएफडी वित्तपोषण के स्रोत

(जीडीपी का प्रतिशत)



टिप्पणी: सकल और निवल बाज़ार उधार में स्विचिंग ऑपरेशन और प्रतिभूतियों की पुनर्खरीद शामिल नहीं है ।
स्रोत: केंद्रीय बजट दस्तावेज ।

सारणी II.6.2: राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों की राजकोषीय स्थिति

(राशि ₹ लाख करोड़ में)

	2021-22	2022-23	2023-24	2024-25 (सं.अ.)	2025-26 (ब.अ.)
1	2	3	4	5	6
I. गैर-कर्ज प्राप्तियां	32.5	36.6	39.5	46.0	51.8
	(13.8)	(13.6)	(13.1)	(14.0)	(14.5)
II. राजस्व प्राप्तियां	32.3	36.5	39.3	45.8	51.3
	(13.7)	(13.6)	(13.0)	(13.9)	(14.4)
III. गैर-कर्ज पूंजीगत प्राप्तियां	0.2	0.1	0.2	0.2	0.5
	(0.1)	(0.04)	(0.1)	(0.1)	(0.1)
IV. राजस्व व्यय	33.3	37.1	40.2	47.7	52.1
	(14.1)	(13.8)	(13.4)	(14.4)	(14.6)
V. पूंजीगत व्यय	5.8	6.7	8.1	9.9	11.4
	(2.4)	(2.5)	(2.7)	(3.0)	(3.2)
ए. पूंजीगत परिव्यय	5.3	6.0	7.5	9.1	10.6
	(2.3)	(2.2)	(2.5)	(2.7)	(3.0)
बी. राज्यों द्वारा ऋण और अग्रिम	0.4	0.7	0.6	0.8	0.8
	(0.2)	(0.3)	(0.2)	(0.3)	(0.2)
VI. कुल व्यय	39.1	43.8	48.3	57.7	63.6
	(16.5)	(16.3)	(16.0)	(17.4)	(17.8)
VII. राजकोषीय घाटा	6.5	7.2	8.8	11.6	11.8
	(2.8)	(2.7)	(2.9)	(3.5)	(3.3)
VIII. राजस्व घाटा	1.0	0.6	0.9	1.9	0.8
	(0.4)	(0.2)	(0.3)	(0.6)	(0.2)
IX. प्राथमिक घाटा	2.3	2.6	3.7	6.0	5.5
	(1.0)	(1.0)	(1.2)	(1.8)	(1.5)

ब.अ.: बजट अनुमान। सं.अ.: संशोधित अनुमान।
टिप्पणी: कोष्ठक में दिये गए आंकड़े, जीडीपी का प्रतिशत हैं।
स्रोत: राज्य सरकारों के बजट दस्तावेज़।

के रूप में राज्यों का जीएफ़डी एक साल पहले के 64.3 प्रतिशत से बढ़कर 77.1 प्रतिशत हो गया। यह बढ़ोतरी राजस्व प्रदर्शन में सुस्ती को दर्शाती है, जिसका मुख्य कारण राज्यों के जीएसटी (एसजीएसटी) संग्रह में आई कमी और केंद्र से मिलने वाले अनुदान में हुई कटौती है। राजस्व व्यय में पिछले वर्ष की तुलना में धीमी गति से वृद्धि हुई, जबकि इसी अवधि के दौरान पूंजीगत व्यय में मज़बूत संवृद्धि दर्ज की गई।

वर्ष 2026-27 में राज्यों का वित्त

II.6.12 2026-27 के लिए 24 राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के संबंध में उपलब्ध जानकारी के अनुसार, उनका समेकित जीएफ़डी-जीडीपी अनुपात 3.0 प्रतिशत अनुमानित है (सारणी II.6.3)। 2026-27 (ब.अ.) में राज्यों को सकल अंतरण में 12.2 प्रतिशत की वृद्धि का बजट रखा गया है; यह मुख्य रूप से केंद्र प्रायोजित योजनाओं के तहत अंतरण और पूंजी निवेश के लिए राज्यों को दी जाने वाली विशेष सहायता के कारण है। राज्यों को पूंजीगत व्यय के लिए 50-वर्षीय ब्याज-मुक्त ऋण की योजना 2026-27 में भी जारी रहेगी, जिसके लिए कुल परिव्यय

सारणी II.6.3: राज्य सरकार वित्त 2026-27*: प्रमुख घाटा संकेतक

(जीएसडीपी का प्रतिशत)

मद	2024-25	2025-26 (सं.अ.)	2026-27 (ब.अ.)
1	2	3	4
राजस्व घाटा	0.3	0.4	-0.1
सकल राजकोषीय घाटा	3.0	3.5	3.0
प्राथमिक घाटा	1.5	1.9	1.4

*: आंकड़े 24 राज्यों से संबंधित है, जिन्होंने 2026-27 के लिए अपना अंतिम बजट प्रस्तुत किया है।
टिप्पणी: घाटे के संकेतकों में ऋणात्मक मान अधिशेष को दर्शाते हैं।
स्रोत: राज्य सरकारों के बजट दस्तावेज़।

₹2 लाख करोड़ निर्धारित किया गया है - यह 2025-26 (सं.अ.) के स्तरों की तुलना में 33.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है ।

II.6.13 सोलहवें वित्त आयोग (एफ़सी-XVI) की वर्ष 2026-27 से 2030-31 तक की रिपोर्ट ने केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों में निरंतरता सुनिश्चित की है, साथ ही प्रदर्शन और वित्तीय अनुशासन के लिए प्रोत्साहनों को भी सुदृढ़ किया है। इसने विभाज्य कर पूल में राज्यों की हिस्सेदारी को 41 प्रतिशत पर बरकरार रखा है ।

II.6.14 सोलहवें वित्त आयोग ने क्षैतिज अंतरण फ़ॉर्मूले को मध्यम रूप से पुनर्संतुलित किया है, जबकि इसके समता-केंद्रित मूल को बनाए रखा है (सारणी II.6.4) । जनसंख्या पर अधिक ज़ोर दिया गया है, जबकि क्षेत्रफल, आय असमानता और जनसांख्यिकीय प्रदर्शन को दिए गए भारांक को कम किया गया है । जहां एक ओर वन आवरण को दिया गया भारांक बरकरार रखा गया है, वहीं दूसरी ओर कर प्रयास के मानदंड को हटा दिया गया है ।आयोग ने एक नया मापदंड पेश किया है, जीडीपी में राज्यों का योगदान, जिसे 10 प्रतिशत का भार दिया गया है । यह भारत की विकास संबंधी महत्वाकांक्षाओं और राष्ट्रीय आर्थिक प्रदर्शन को आगे बढ़ाने में राज्यों की भूमिका को मान्यता देने की आवश्यकता को दर्शाता है ।

II.6.15 अंतरण के पश्चात, राजकोषीय अनुशासन तथा राज्यों के मजबूत बजट को बढ़ावा देने के उद्देश्य से राजस्व घाटा अनुदानों को समाप्त कर दिया गया है । आयोग इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि मौजूदा राजस्व घाटा मुख्य रूप से राजस्व जुटाने और व्यय प्रबंधन में मौजूद कमियों को दर्शाते हैं । इसलिए, आयोग ने इस बात पर ज़ोर दिया कि कमियों को पूरा करने के लिए लगातार किए जाने वाले अंतरण राजकोषीय समायोजन के प्रोत्साहनों को कमज़ोर करते हैं, क्योंकि केंद्र से मिलने वाले समर्थन की उम्मीदें, राज्यों द्वारा अपने स्वयं के राजस्व को बढ़ाने और खर्च को तर्कसंगत बनाने के प्रयासों को शिथिल कर सकती हैं ।

सामान्य सरकारी वित्त

II.6.16 सामान्य सरकार का जीएफ़डी 2024-25 (सं.अ.) में जीडीपी के 7.8 प्रतिशत से कम होकर 2025-26 (ब.अ.) में 7.2 प्रतिशत हो गया । ऋण-से-जीडीपी अनुपात 2025-26(ब.अ.) में मामूली बढ़कर 81.9 प्रतिशत होने का बजट अनुमान है, जिसका कुछ श्रेय राज्यों की बढ़ी हुई देनदारियों को जाता है। बाह्य देनदारियां वर्ष 2025-26 (ब.अ.) में लगातार कम 2.5 प्रतिशत पर बनी हुई हैं, जिसका अर्थ है कि विनिमय दर का जोखिम सीमित है (चार्ट II.6.6ए) ।

सारणी II.6.4: क्षैतिज न्यागमन मानदंड

(कुल का प्रतिशत)

आयाम	मानदंड	एफ़सी -XIII	एफ़सी -XIV	एफ़सी -XV	एफ़सी-XVI
		(2010-11 से 2014-15)	(2015-16 से 2019-20)	(2020-21 से 2025-26)	(2026-27से 2030-31)
1	2	3	4	5	6
आवश्यकता और लागत अक्षमता	जनसंख्या	25	27.5	15	17.5
	क्षेत्रफल	10	15	15	10
	वन आवरण	-	7.5	10	10
समता	आय अंतर / प्रति व्यक्ति जीएसडीपी अंतर	-	50	45	42.5
	राजकोषीय क्षमता	47.5	-	-	-
निष्पादन	कर प्रयास	-	-	2.5	-
	राजकोषीय अनुशासन	17.5	-	-	-
	जनसांख्यिकीय प्रदर्शन	-	-	12.5	10
	जीडीपी में योगदान	-	-	-	10

-: लागू नहीं।

टिप्पणी: एफ़सी-XIII के लिए, जनसंख्या का मापदंड 1971 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित था। एफ़सी-XIV के लिए, 1971 की जनगणना के आंकड़ों को 17.5 प्रतिशत और 2011 की जनगणना के आंकड़ों को 10 प्रतिशत भार दिया गया था। एफ़सी-XV और उसके बाद से, जनसंख्या का मापदंड 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित है।

स्रोत: वित्त आयोग की रिपोर्टें।

चार्ट II.6.6: सामान्य सरकार के प्रमुख राजकोषीय संकेतक





स्रोत: आरबीआई और केंद्रीय बजट दस्तावेज ।

II.6.17 सामान्य सरकार द्वारा जीएफ़डी में की गई कटौती को कर राजस्व में वृद्धि से समर्थन मिला, जो पिछले वर्ष के 18.4 प्रतिशत से बढ़कर 2025-26 (ब.अ.) में जीडीपी का 19.1 प्रतिशत हो गया । हालांकि, कुल व्यय का जीडीपी से अनुपात दोनों वर्षों में 29.6 प्रतिशत पर समान रहा । पूंजीगत व्यय 2025-26 (ब.अ.) में सकल घरेलू उत्पाद के 5.8 प्रतिशत पर अधिक अनुमानित है [2024-25 में 5.6 प्रतिशत] (चार्ट II.6.6बी) ।

निष्कर्ष

II.6.18 केंद्रीय बजट 2026-27 ने महामारी के बाद के राजकोषीय समेकन के मार्ग को जारी रखा, जो मध्यम अवधि की संवृद्धि के लिए बेहतर संकेत है । 2026-27 में जीएफ़डी को जीडीपी का 4.3 प्रतिशत अनुमानित किया गया है, जो 2025-26 (सं.अ.) में जीडीपी के 4.4 प्रतिशत से कम है । खास बात यह है कि पूंजीगत व्यय पर बल बना हुआ है, जिसके 2026-27 में 11.5 प्रतिशत की दर से बढ़ने का बजट रखा गया है । सोलहवें वित्त आयोग ने प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहनों और दीर्घकालिक राजकोषीय उत्तरदायित्व पर नए सिरे से बल देते हुए, केंद्र-राज्य राजकोषीय संबंधों में निरंतरता सुनिश्चित की है ।

II.7 बाह्य क्षेत्र

II.7.1 बढ़ती वैश्विक नीतिगत अनिश्चितता और भू-राजनीतिक दबाव के बीच, निर्यात के विविधीकरण, सेवा व्यापार में निरंतर अधिशेष और स्थिर आवक विप्रेषण के प्रयासों के कारण भारत का बाह्य क्षेत्र व्यापक रूप से आघात सहनीय बना रहा। निवल पूंजी प्रवाह के चालू खाता घाटे (सीएडी) से कम होने के कारण, अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान भुगतान संतुलन (बीओपी) के आधार पर विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट आई।

वैश्विक आर्थिक स्थितियां

II.7.2 वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की संवृद्धि 2025 में मामूली रूप से बढ़कर 3.4 प्रतिशत हो गई (चार्ट II.7.1ए)। वैश्विक मुद्रास्फीति कम हुई, जिसने प्रमुख केंद्रीय बैंकों को नीतिगत दरों में कटौती करने के लिए प्रेरित किया गया। नियंत्रित मुद्रास्फीति दबाव और स्थिर मांग के साथ, वैश्विक व्यापार मात्रा (वस्तुएं और सेवाएं) 2025 में 5.1 प्रतिशत बढ़ गई (2024 में 3.6 प्रतिशत) [चार्ट II.7.1बी]। हालांकि, 2026 में, पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के साथ, वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की संवृद्धि दर 3.1 प्रतिशत[48] तक कमजोर होने की उम्मीद है। महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों में संघर्ष के कारण

[48] वर्ल्ड इकोनॉमिक आउटलुक, अप्रैल 2026, अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ़) ।

चार्ट II.7.1: वास्तविक जीडीपी और वैश्विक व्यापार* मात्रा वृद्धि



*: माल और सेवाएं।
स्रोत: डबल्यूईओ, आईएमएफ(अप्रैल 2026)।

उत्पन्न व्यवधान और जारी वैश्विक व्यापार संबंधी नीतिगत अनिश्चितताओं ने आगे के वैश्विक पण्य व्यापार दृष्टिकोण को धूमिल कर दिया है। सेवा व्यापार के तहत परिवहन और यात्रा क्षेत्रों में भी धीमी संवृद्धि की उम्मीद है। परिणामस्वरूप, 2026 में वैश्विक व्यापार मात्रा संवृद्धि में गिरावट आ सकती है।

II.7.3 उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं (ईएमई) ने 2025-26 के दौरान ऋण खंड द्वारा समर्थित मजबूत निवल पोर्टफोलियो अंतर्वाह दर्ज किया। पश्चिम एशिया में संघर्ष की बजह से लगातार जारी वैश्विक अनिश्चितता के कारण इक्विटी खंड में निवल बहिर्वाह दर्ज किया गया (चार्ट II.7.2ए)। वर्ष 2025 में वैश्विक प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफ़डीआई) बढ़ गया, जिसमें विकसित अर्थव्यवस्थाओं में निवल अंतर्वाह 43 प्रतिशत बढ़ गया, जिसका नेतृत्व यूरोप और वित्तीय केंद्रों[49] ने किया (चार्ट II.7.2बी)। इसके विपरीत, विकासशील अर्थव्यवस्थाओं में निवल एफडीआई अंतर्वाह में 2025 में 2 प्रतिशत की गिरावट आई।

चार्ट II.7.2: ईएमई के लिए पोर्टफोलियो निवेश प्रवाह और वैश्विक एफ़डीआई रुझान



स्रोत: अंतरराष्ट्रीय वित्त संस्थान; और यूएनसीटीएडी।

[49] वैश्विक निवेश रुझान मॉनिटर, जनवरी 2026, व्यापार और विकास पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यूएनसीटीएडी)।

पण्य व्यापार

II.7.4 टैरिफ संबंधी अनिश्चितताओं के बावजूद, भारत के पण्य वस्तु निर्यात और आयात में (मूल्य के संदर्भ में) 2024-25 की तुलना में 2025-26 में अधिक तेज़ी से विस्तार हुआ (सारणी II.7.1)।

II.7.5 2025-26 में पण्य निर्यात में विस्तार का मुख्य कारण इलेक्ट्रॉनिक सामान; इंजीनियरिंग सामान; मांस, डेयरी और पोल्ट्री उत्पाद; समुद्री उत्पाद; और अभ्रक, कोयला तथा अन्य अयस्क व खनिज (जिनमें प्रसंस्कृत खनिज भी शामिल हैं) में हुई संवृद्धि रही; जबकि पेट्रोलियम उत्पाद; रत्न और आभूषण; चावल; प्लास्टिक और लिनोलियम; तथा सूती और हथकरघा उत्पादों में संकुचन देखा गया (चार्ट II.7.3)।

सारणी II.7.1: भारत का पण्य वस्तु व्यापार

	बिलियन अमेरिकी डॉलर में मूल्य				संवृद्धि दर (वर्ष-दर-वर्ष, प्रतिशत)			
	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
1	2	3	4	5	6	7	8	9
निर्यात								
ति1	121.0	103.9	114.0	111.6	26.6	-14.1	9.8	-2.2
ति2	110.7	107.2	99.6	107.9	7.8	-3.2	-7.0	8.3
ति3	104.6	105.6	108.7	110.2	-2.1	1.0	3.0	1.4
ति4	114.8	120.4	115.3	112.0	-1.9	4.9	-4.3	-2.8
वार्षिक	451.1	437.1	437.7	441.7	6.9	-3.1	0.1	0.9
आयात								
ति1	183.5	159.7	172.2	180.3	44.5	-13.0	7.8	4.7
ति2	189.0	169.4	186.7	196.0	28.1	-10.4	10.2	5.0
ति3	176.1	174.7	187.5	204.2	5.4	-0.8	7.3	8.9
ति4	167.3	170.2	173.9	194.5	-2.5	1.7	2.3	11.9
वार्षिक	716.0	674.0	720.5	775.0	16.8	-5.9	6.9	7.6
व्यापार शेष								
ति1	-62.6	-55.8	-58.1	-68.7				
ति2	-78.3	-62.2	-87.1	-88.0				
ति3	-71.5	-69.1	-78.7	-94.0				
ति4	-52.6	-49.7	-58.6	-82.5				
वार्षिक	-264.9	-236.9	-282.8	-333.2				

टिप्पणी: संख्याओं के पूर्णांकन के कारण, तिमाही आंकड़ों का योग वार्षिक आंकड़ों के बराबर नहीं है।
स्रोत: डीजीसीआईएस ।

चार्ट II.7.3: निर्यात संवृद्धि में प्रमुख क्षेत्रों का सापेक्ष योगदान (2024-25 की तुलना में 2025-26)



स्रोत: डीजीसीआईएस और आरबीआई स्टाफ का अनुमान ।

II.7.6 भारत की शीर्ष निर्यात वस्तुओं में, इलेक्ट्रॉनिक सामानों के निर्यात में सबसे तेज़ संवृद्धि दर्ज की गई, हालाँकि यह पिछले वर्ष की तुलना में कम रही। इस संवृद्धि का मुख्य कारण मोबाइल फ़ोन का निर्यात रहा, जो इलेक्ट्रॉनिक सामानों के कुल निर्यात का लगभग 61 प्रतिशत है और जिसे अमेरिका द्वारा लगाए गए शुल्कों से छूट दी गई (चार्ट II.7.4)।

चार्ट II.7.4: इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के निर्यात में मजबूत संवृद्धि

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)



स्रोत: डीजीसीआईएस ।

II.7.7 2025-26 के दौरान, ऊँचे टैरिफ़ के कारण अमेरिका को भारत के पण्य निर्यात में संवृद्धि की गति धीमी हो गई। अप्रैल-अगस्त 2025 के दौरान अमेरिका के लिए निर्यात में सकारात्मक संवृद्धि उच्च टैरिफ की संभावना के चलते अग्रिम लोडिंग और उन क्षेत्रों में निर्यात में संवृद्धि के कारण हुई, जो अमेरिका द्वारा लगाए गए टैरिफ से मुक्त थे। इसके बाद, नवंबर 2025 को छोड़कर, सितंबर 2025 से अमेरिका को होने वाले निर्यात में गिरावट देखी गई। व्यापार के क्षेत्र में एक बड़े बदलाव के तहत, 2025-26 में चीन ने अमेरिका को पीछे छोड़ते हुए भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार का स्थान ले लिया।

II.7.8 2025-26 में पण्य आयात में बढ़ोतरी का मुख्य कारण इलेक्ट्रॉनिक सामान, सोना, और मशीनरी, इलेक्ट्रिकल और नॉन-इलेक्ट्रिकल रहे। क्रूड पेट्रोलियम और उसके उत्पाद, कोयला, कोक और ब्रिकेट, दालें, लोहा और इस्पात, तथा कार्बनिक और अकार्बनिक रसायनों ने आयात संवृद्धि में नकारात्मक योगदान दिया (चार्ट II.7.5) ।

II.7.9 आयात की मात्रा में संवृद्धि के बावजूद, 2025-26 में तेल की कीमतों में नरमी के कारण पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट्स के आयात का मूल्य (जो 2025-26 के दौरान कुल पण्य आयात का 22.4 प्रतिशत था) घट गया (चार्ट II.7.6ए)। इस वर्ष भारत के कच्चे तेल के आयात में रूस और इराक की

चार्ट II.7.5: आयात वृद्धि में प्रमुख क्षेत्रों का सापेक्ष योगदान
[वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26]
(प्रतिशत बिंदु)



टिप्पणी: कोष्ठक में दिए गए आँकड़े संबंधित वस्तुओं की संवृद्धि दर हैं ।
स्रोत: डीजीसीआईएस और आरबीआई स्टाफ का अनुमान ।

हिस्सेदारी कम हो गई, जबकि सऊदी अरब, यूएई और यूएस की हिस्सेदारी बढ़ गई (चार्ट II.7.6बी)।

II.7.10 2025-26 में सोने के आयात का मूल्य बढ़ गया; सोने के आयात की मात्रा में आई कमी का प्रभाव, अंतरराष्ट्रीय कीमतों में हुई संवृद्धि के कारण समाप्त हो गया (चार्ट II.7.7)।

II.7.11 2025-26 में पण्य वस्तु व्यापार घाटा बढ़ गया, जिसमें तेल घाटा सबसे बड़ा योगदानकर्ता बना रहा (चार्ट II.7.8ए)। प्रमुख व्यापारिक भागीदारों में, चीन और स्विट्ज़रलैंड के साथ

चार्ट II.7.6: पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट (पीओएल)

ए: पीओएल आयात
(बिलियन अमेरिकी डॉलर, बायां मान; मिलियन टन, दायां मान)



बी: कच्चे तेल आयात के प्रमुख स्रोत
(प्रतिशत)



स्रोत: डीजीसीआईएस ।

चार्ट II.7.7: स्वर्ण आयात

(बिलियन अमेरिकी डॉलर, बायां मान; टन, दायां मान)



स्रोत: डीजीसीआईएस ।

व्यापार घाटा बढ़ गया, जबकि 2025-26 में स्पेन के साथ व्यापार अधिशेष में सुधार हुआ [चार्ट II.7.8बी]।

II.7.12 अप्रैल 2026 तक, भारत ने 24 विदेशी व्यापार समझौतों (एफ़टीए) पर हस्ताक्षर किए हैं। नए व्यापार गठबंधनों के साथ व्यापार विविधीकरण के प्रयासों को तेज़ करते हुए, भारत ने 24 जुलाई, 2025 को यूनाइटेड किंगडम के साथ एक व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौता (सीईटीए), 18 दिसंबर, 2025 को ओमान के साथ एक व्यापक आर्थिक और साझेदारी समझौता (सीईपीए), और 27 अप्रैल, 2026 को भारत-न्यूजीलैंड एफ़टीए पर हस्ताक्षर किए। ये समझौते अभी लागू होने बाकी हैं। यूरोपीय संघ के साथ एफ़टीए पर बातचीत भी 27 जनवरी 2026 को पूरी हो गई ।

अज्ञात मदें

II.7.13 भारत के अज्ञात व्यापार से प्राप्तियाँ - जिसमें सेवाओं, आय और अंतरणों में सीमा-पार लेनदेन शामिल हैं - वर्ष 2025-26 (दिसंबर 2025 तक) के दौरान मज़बूत बनी रहीं। अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान निवल सेवा निर्यात में 15.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की मज़बूत संवृद्धि हुई, जिसका मुख्य कारण सॉफ्टवेयर और व्यावसायिक सेवाएं रही (जो सेवा निर्यात का 77.8 प्रतिशत हैं) [चार्ट II.7.9]। अन्य प्रमुख सेवाओं में, परिवहन से प्राप्तियों में 7.3 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की गिरावट आई, जिसका मुख्य कारण समुद्री माल ढुलाई[50] में कमी रहा। यात्रा सेवाओं के निर्यात में भी गिरावट आई, जो इस अवधि के दौरान विदेशी पर्यटकों के आगमन में कमी को दर्शाता है। आगे

चार्ट II.7.8 : भारत का पण्य वस्तु व्यापार घाटा बढ़ोतरी

ए. कुल व्यापार संतुलन और तेल व्यापार संतुलन

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)



बी. भारत के व्यापार संतुलन में परिवर्तन के स्रोत
[वर्ष 2024-25 की तुलना में वर्ष 2025-26]

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)



टिप्पणी: एक सकारात्मक Δनिर्यात/ Δआयात का अर्थ अधिकतम निर्यात/आयात है और यह विलोमत: भी सही है।
स्रोत: डीजीसीआईएस और आरबीआई स्टाफ का अनुमान ।

[50] महामारी के बाद के दौर (2021-22 से 2024-25) में, भारत के कुल परिवहन सेवाओं के निर्यात में समुद्री परिवहन का हिस्सा औसतन लगभग 66.0 प्रतिशत रहा । समुद्री परिवहन के अंतर्गत, समुद्री माल-भाड़ा प्राप्तियों का हिस्सा लगभग 71.0 प्रतिशत रहा । अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान समुद्री माल ढुलाई में आई गिरावट की वजह वैश्विक व्यापार नीतियों को लेकर बनी अनिश्चितताएँ और भू-राजनीतिक तनाव रहे ।

चार्ट II.7.9 : भारत के सेवा निर्यात की संरचना

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)



*: अन्य में बीमा सेवाएं और संचार सेवाएं शामिल हैं।

स्रोत: आरबीआई।

चलकर, गार्टनर[51] द्वारा अनुमानित मज़बूत वैश्विक आईटी खर्च, भारत के सॉफ्टवेयर सेवा निर्यात के लिए अच्छा संकेत है।

II.7.14 निजी अंतरण प्राप्तियों में—जो मुख्य रूप से विदेशों में काम कर रहे भारतीयों द्वारा भेजे गए धन (विप्रेषण) को दर्शाती हैं—अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान 10.1 प्रतिशत (वर्ष-दर-वर्ष) की मज़बूत संवृद्धि दर्ज की गई (अप्रैल-दिसंबर 2024 में यह 16.2 प्रतिशत थी)। भारत में 200 अमेरिकी डॉलर की राशि विप्रेषण के रूप में भेजने की औसत लागत 2025 की तीसरी तिमाही में, एक वर्ष पहले के समान, 5.3 प्रतिशत रही; यह वैश्विक औसत लागत 6.4 प्रतिशत से तो कम है, लेकिन फिर भी 2030 तक के लिए निर्धारित सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) के 3 प्रतिशत के लक्ष्य से अधिक है।

II.7.15 अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान प्राथमिक आय लेखा[52] में निवल बहिर्गमन 37.2 अरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो अप्रैल-दिसंबर 2024 के 36.5 अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक है। यह इसी अवधि में आवक एफडीआई के चलते लाभांश भुगतान और पुनर्निवेशित आय में हुई वृद्धि को दर्शाता है।

II.7.16 निवल सेवा प्राप्तियों और श्रमिकों के विप्रेषण की तेजी ने पण्य व्यापार घाटे में हुई बढ़ोतरी को बड़ी हद तक संतुलित कर दिया, जिसके परिणामस्वरूप अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान चालू खाता घाटा (सीएडी) 30.2 अरब अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.1 प्रतिशत) तक सीमित रहा, जबकि एक वर्ष पहले की समान अवधि में यह यह 36.7 अरब अमेरिकी डॉलर (जीडीपी का 1.3 प्रतिशत) था (चार्ट II.7.10)।

बाह्य वित्तपोषण

II.7.17 अंतरराष्ट्रीय निवेश के लिए वैश्विक माहौल चुनौतीपूर्ण बना रहा।इस पृष्ठभूमि में, अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान निवल पूंजी प्रवाह में (वर्ष-दर-वर्ष आधार पर) नरमी आई और यह चालू खाता घाटे से कम रहा; जिसके परिणामस्वरूप इस अवधि के दौरान भुगतान संतुलन के आधार पर (मूल्यांकन प्रभावों को छोड़कर) विदेशी मुद्रा भंडार में 30.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर की कमी आई (चार्ट II.7.11 और परिशिष्ट सारणी 7)।

चार्ट II.7.10: सेवाओं और आवक अंतरण द्वारा समर्थित चालू खाता शेष

(जीडीपी का प्रतिशत)



सीएबी: चालू खाता शेष।

स्रोत: आरबीआई।

[51] 'गार्टनर का अनुमान: 2026 में दुनिया भर में आईटी खर्च 13.5 प्रतिशत बढ़कर कुल $6.31 ट्रिलियन हो जाएगा', प्रेस विज्ञप्ति, गार्टनर इंक., 22 अप्रैल 2026।

[52] सीमा-पार निवेश से होने वाली आय और कर्मचारियों का पारिश्रमिक, जो घरेलू निवासी संस्थाएँ शेष दुनिया से अर्जित करती हैं या उन्हें भुगतान करती हैं।

चार्ट II.7.11: चालू खाता घाटे का वित्तपोषण

(जीडीपी का प्रतिशत)



सीएबी: चालू खाता शेष ।
स्रोत: आरबीआई ।

II.7.18 पूंजी प्रवाह के अंतर्गत, 2025-26 के दौरान, सकल और निवल दोनों आधारों पर एफ़डीआई शीर्ष पर बना रहा (सारणी II.7.2)। एफ़डीआई मार्केट्स[53] के अनुसार, वैश्विक स्तर पर, 2025-26 के दौरान ग्रीनफील्ड एफ़डीआई घोषणाओं के मामले में भारत, अमेरिका के बाद दूसरे स्थान पर रहा।

II.7.19 2025-26 के दौरान, भारत में एफ़डीआई इक्विटी प्रवाह में सबसे बड़ा हिस्सा सेवा क्षेत्र का रहा, इसके पश्चात विनिर्माण क्षेत्र[54] का स्थान रहा। एफ़डीआई के मुख्य स्रोत देशों यानी सिंगापुर, अमेरिका, मॉरीशस, जापान, नीदरलैंड और यूएई ने इस प्रवाह में लगभग चौथे-पांचवे हिस्से का योगदान दिया। इस अवधि के दौरान भारत से बाहर जाने वाले एफ़डीआई में भी बढ़ोतरी हुई, तथा सिंगापुर, अमेरिका, यूएई और मॉरीशस इसके प्रमुख गंतव्य रहे। वित्तीय, बीमा और व्यावसायिक सेवाएं; विनिर्माण; और थोक/खुदरा व्यापार, रेस्तरां और होटल—ये भारत के बाहर जाने वाली एफ़डीआई के मुख्य क्षेत्र रहे।

II.7.20 2025-26 के दौरान, विदेशी पोर्टफोलियो निवेश (एफ़पीआई) में 16.5 बिलियन अमेरिकी डॉलर का निवल बहिर्गमन दर्ज किया गया, जिसका प्रमुख कारण इक्विटि खंड रहा (सारणी II.7.2)। सिर्फ़ मार्च 2026 में ही, 28 फरवरी 2026 को पश्चिम एशिया में संघर्ष छिड़ने के कारण, निवल एफ़पीआई बहिर्गमन 13.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुँच गया। कर्ज क्षेत्र में 2025-26 में 2.1 बिलियन अमेरिकी डॉलर का मामूली अंतर्वाह देखा गया, जो अनिश्चित वैश्विक माहौल के बीच सुरक्षित

सारणी II.7.2: पूंजी प्रवाह

(बिलियन अमेरिकी डॉलर)

मदें	2022-23	2023-24	2024-25	2025-26
1	2	3	4	5
1. निवल एफ़डीआई (1.1 - 1.2)	28.0	10.2	1.0	7.7
1.1 निवल आवक एफडीआई (1.1.1 - 1.1.2)	42.0	26.8	29.1	40.9
1.1.1 सकल अंतर्वाह	71.4	71.3	80.6	94.5
1.1.2 प्रत्यावर्तन/विनिवेश	29.3	44.5	51.5	53.6
1.2 निवल जावक एफडीआई	14.0	16.7	28.2	33.3
2. भारत में निवल एफ़पीआई	-4.8	44.6	3.3	-16.5
3. भारत में निवल ईसीबी	-4.1	3.5	18.5	12.0
4. **अनिवासी जमाराशियां**	9.0	14.7	16.2	14.4
4.1 अनिवासी बाह्य (रुपया) खाता	2.5	4.2	4.7	7.9
4.2 अनिवासी साधारण खाता	4.0	4.2	4.4	5.5
4.3 विदेशी मुद्रा अनिवासी (बी) खाता	2.4	6.4	7.1	0.9

टिप्पणी: कॉलम 5 में भारत में निवल एफ़पीआई के आंकड़े एनएसडीएल से लिए गए है। पिछले वित्तीय वर्षों के एफ़पीआई आंकड़े बीओपी पर आधारित है ।
स्रोत: आरबीआई; और एनएसडीएल ।

[53] एफ़डीआई मार्केट्स 2003 से दुनिया भर के सभी बाज़ारों और क्षेत्रों में ग्रीनफ़ील्ड एफ़डीआई को वास्तविक समय में ट्रैक करने वाला एक प्रमुख ऑनलाइन डेटाबेस है ।

[54] सेवा क्षेत्र—जिसमें कंप्यूटर, वित्तीय, संचार और व्यावसायिक सेवाएं शामिल हैं—का 2025-26 के दौरान कुल एफ़डीआई इक्विटी प्रवाह में लगभग 44 प्रतिशत हिस्सा रहा; जबकि 2021-22 से 2024-25 के दौरान इसका औसत हिस्सा 38 प्रतिशत था ।

सारणी II.7.3:बाह्य भेद्यता संकेतक (मार्च अंत)

(प्रतिशत, जब तक कि अन्यथा इंगित न किया गया हो)

संकेतक	2013	2023	2024	2025	दिसंबर-अंत 2025
1	2	3	4	5	6
1. बाह्य कर्ज़ और जीडीपी अनुपात#	22.4	19.6	19.2	19.8	20.4
2. कुल ऋण और अल्पकालिक ऋण (मूल परिपक्वता) का अनुपात	23.6	20.6	19.1	18.3	19.7
3. कुल ऋण और अल्पकालिक ऋण (अवशिष्ट परिपक्वता) का अनुपात	42.1	44.0	43.4	41.2	43.2
4. रियायती ऋण और कुल ऋण का अनुपात	11.1	8.2	7.4	6.9	7.0
5. कुल ऋण और आरक्षित मुद्रा का अनुपात	71.3	92.7	96.6	90.8	89.8
6. आरक्षित मुद्रा और अल्पकालिक ऋण (मूल परिपक्वता) का अनुपात	33.1	22.2	19.7	20.1	21.9
7. आरक्षित मुद्रा और अल्पकालिक ऋण (अवशिष्ट परिपक्वता) का अनुपात	59.0	47.4	44.9	45.4	48.1
8. आयात का रिज़र्व कवर (महीनों में)*	7.0	9.6	11.3	11.0	10.8
9. ऋण सेवा अनुपात (चालू प्राप्तियों के लिए ऋण सेवा)@	5.9	5.3	6.7	6.6	5.8
10. विदेशी ऋण (बिलियन अमेरिकी डॉलर)	409.4	623.9	668.9	736.4	765.5
11. निवल अंतरराष्ट्रीय निवेश स्थिति (एनआईआईपी) [बिलियन अमेरिकी डॉलर]	-326.7	-367.0	-361.3	-329.1	-260.5
12. एनआईआईपी/जीडीपी अनुपात	-17.8	-11.6	-10.5	-9.0	-7.1
13. सीएबी/जीडीपी अनुपात@	-4.8	-2.1	-0.7	-0.6	-1.1

#: 2023 से आगे के अनुपात, आधार वर्ष 2022-23 के साथ जीडीपी अनुमानों की नई श्रृंखला पर आधारित हैं।
*: नवीनतम चार तिमाहियों के पण्य वस्तु आयात के आधार पर, बीओपी आंकड़ों में प्रकाशित।
@: कॉलम 6 से संबंधित आंकड़े अप्रैल-दिसंबर 2025 के हैं।
स्रोत: आरबीआई और भारत सरकार।

आस्तियों के प्रति प्राथमिकता को दर्शाता है। इक्विटी की बिकवाली में मुख्य योगदान सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय सेवाओं और तेज़ गति से बिकने वाले उपभोक्ता सामान क्षेत्रों का रहा। अंतर्वाह मुख्य रूप से पूंजीगत सामान, धातु और खनन, और दूरसंचार क्षेत्रों में दर्ज किया गया।

II.7.21 2025-26 के दौरान, भारत में निवल बाह्य वाणिज्यिक उधार अंतर्वाह पिछले वर्ष की तुलना में कम हो गया। ऑन-लेंडिंग/सब-लेंडिंग के अलावा, ईसीबी का उपयोग पिछले ईसीबी के पुनर्वित्तपोषण, पूंजीगत वस्तुओं के आयात और नई परियोजनाओं के लिए किया गया। एफ़सीएनआर(बी) जमाओं के तहत निवल अंतर्वाह में गिरावट के कारण, 2025-26 के दौरान अनिवासी जमाओं के तहत निवल अंतर्वाह भी पिछले वर्ष की तुलना में कम हो गया।

प्रमुख भेदता संकेतक

II.7.22 भारत के प्रमुख बाह्य क्षेत्र भेदता संकेतक, जैसे कि बाह्य ऋण-जीडीपी अनुपात, ऋण सेवा अनुपात और निवल आईआईपी जीडीपी अनुपात, दिसंबर 2025 के अंत में नियंत्रित स्तर पर बने रहे (सारणी II.7.3)। मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार ने बाह्य जोखिमों और उनके प्रसार-प्रभावों को कम करने के लिए एक सशक्त सुरक्षा कवच प्रदान किया। मुद्रा भंडार ने लगभग 11 महीनों के पण्य वस्तु आयात[55] (भुगतान संतुलन आधार पर) के लिए सुरक्षा प्रदान की, जबकि दिसंबर 2025 के अंत में कुल बाह्य ऋण के मुकाबले मुद्रा भंडार का अनुपात लगभग 90 प्रतिशत बना रहा।

निष्कर्ष

II.7.23 पण्य वस्तु व्यापार घाटे के बढ़ने के बावजूद, 2025-26 के दौरान भारत की बाह्य क्षेत्र भेदता कम बनी रही, जिसे सेवाओं के निर्यात और निजी अंतरण प्राप्तियों में लगातार संवृद्धि से समर्थन मिला। हालांकि, निवल पूंजी प्रवाह बाह्य वित्तपोषण की आवश्यकताओं को पूरा करने में पीछे रह गया और पोर्टफोलियो प्रवाह में शुद्ध बहिर्वाह देखने को मिला, फिर भी पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और बाह्य ऋण देनदारियों के रूप में मौजूद मजबूत बफ़र्स ने बाह्य क्षेत्र को मजबूती प्रदान करना जारी रखा, जिससे समष्टि आर्थिक और वित्तीय स्थिरता में योगदान मिला।

[55] मार्च 2026 के अंत में, वस्तुओं और सेवाओं के लिए लगभग नौ महीने का आयात कवर था।